हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

» नजदीकी एयरपोर्ट सीधी उड़ान की अभी सुविधा नहीं

» बड़ी संख्या में दिल्ली होकर भी सफर करेंगे यात्री



खास खबर

# अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के महीने भर पहले ही रायपुर-लखनऊ उड़ान का किराया 10 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भगवान रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या जाएंगे। इसके लिए नजदीक एयरपोर्ट लखनऊ की फ्लाइट में टिकटों की बुकिंग कराई जा रही है और महीनेभर पहले ही किराया दस हजार रुपए तक पहुंच गया ▶▶|शेष पेज 7 पर

**अक्टूबर में बंद हुई प्रयागराज की उड़ान**

*रायपुर ले लखनऊ के अलावा नियमित रूप से प्रयागराज के लिए उड़ान का संचालन किया जाता था। तकनीकी कारण बताकर इस फ्लाइट की उड़ान संबंधित एयरलाइंस कंपनी द्वारा बंद कर दी गई है। माना जा रहा था कि इस उड़ान को पुनः प्रारंभ किया जाएगा, मगर अब तक* ▶▶शेष पेज 7 पर

**गोवा का किराया 14 हजार**

साल के अंतिम दिनों में घूमने-फिरने लोग बड़ी संख्या में गोवा जा रहे हैं। इसकी वजह से अंतिम सप्ताह में वहां का किराया बढ़ा हुआ है। अंतिम पांच दिनों में फ्लाइट का किराया 11 से 16 हजार के बीच पहुंच गया है। अभी रायपुर से गोवा के बीच निजी ▶▶|शेष पेज 7 पर

ऐसा है श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट



## 1 घंटे में उतर सकेंगी तीन फ्लाइट

अयोध्या। श्रद्धालु कहीं से भी कभी भी धर्म नगरी अयोध्या मात्रा कुछ घंटे में पहुंच सकते हैं। 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे।

**पीएम करेंगे उद्घाटन**



**इन शहरों से सीधी फ्लाइट**

अयोध्या से दिल्ली और दिल्ली से अयोध्या तथा अयोध्या से अहमदाबाद और अहमदाबाद से अयोध्या के लिए सीधी उड़ान सेवा भी शुरू होगी। 6 जनवरी से अयोध्या से दिल्ली, अयोध्या से अहमदाबाद के अलावा कोलकाता, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई के साथ-साथ गोवा के लिए भी इंडिगो की फ्लाइट सेवा शुरू हो जाएगी।

**ऐसा है एयरपोर्ट**

**821** एकड़ में तैयार

**2200** मीटर का रनवे

**16** जनवरी से नियमित उड़ानें

बोइंग 737 एयरबस 320 की भी हो सकेंगी लैंडिंग




# किसानों के खाते में आए 3716 करोड़, सीएम बोले- देंगे एक लाख नौकरियां, 10 लाख तक इलाज होगा मुफ्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने वादे के मुताबिक किसानों को सोमवार को दो साल का बोनस दिया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अभनपुर के ग्राम बेन्द्री में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के 12 लाख से अधिक किसानों को बकाया बोनस के रूप में 3716 करोड़ रुपए की राशि उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा, किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदेंगे। जरूरत पड़ने पर समर्थन मूल्य में धान खरीदी की अवधि भी बढ़ाई जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, मोदी की गारंटी के अंतर्गत हमने दो साल के बकाया बोनस के भुगतान का वायदा किया था और इसे आज अटल जी की जयंती सुशासन दिवस पर पूरा कर दिया है। हमारी कथनी-करनी समान है। प्रदेश ही नहीं, पूरे देश ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया है। उन्होंने कहा, आज का दिन बहुत ऐतिहासिक है। आज किसानों के बैंक खाते में बोनस की राशि पहुंच गई है। कई किसानों को तो दो लाख से अधिक की राशि मिली है। किसानों में बहुत खुशी है। हमने प्रदेश की जनता से जो भी वादा किया है वे सभी वादे पूरे किए जाएंगे। ▶▶|शेष पेज 7 पर

## सुशासन दिवस पर किसानों को तोहफा, दो साल का बोनस जारी



मोदी की गारंटी के सभी वादे करेंगे पूरे

मुख्यमंत्री ने कहा, मोदी की गारंटी के अंतर्गत जो भी वायदा हमने किया है, सभी वायदे पांच साल के अंतर्गत पूरा करेंगे। हमने वायदा किया है कि जो विवाहित महिलाएं हैं, उनके खाते में हर महीना एक हजार रुपए महतारी वंदन योजना के अंतर्गत देंगे। इसके लिए भी हमने अनुपूरक बजट में प्रावधान कर दिया है। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैसकार्ड धारी परिवारों को पांच सौ रुपए में सिलेंडर देने का भी काम करेंगे। भूमिहीन कृषि मजदूरों को एक साल में दस हजार रुपए देने का काम करेंगे। विभिन्न विभागों के एक लाख रिक्त पदों को पूरी पारदर्शिता के साथ भरेंगे। हमारी सरकार तेदूंपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से पारिश्रमिक का भुगतान करेगी। इसके साथ ही संग्राहकों के लिए चरण पादुका सहित अन्य लाभकारी योजनाओं को निरंतर जारी रखा जाएगा। आयुष्मान कार्ड में 5 लाख रुपए की जगह 10 लाख रुपए तक की इलाज की सुविधा मिल सकेगी। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी जनसमूह को संबोधित किया।

### सीएम सचिवालय योजनाओं की सीधे करेगा मॉनिटरिंग

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन दिवस के अवसर पर मंत्रालय महानदी में आयोजित कार्यक्रम में अटल मॉनिटरिंग पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री सचिवालय सीधे योजनाओं के क्रियान्वयन पर नजर रखेगा। शासन की मंशानुरूप पारदर्शी और बेहतर तरीके से क्रियान्वयन नहीं हुआ तो सख्ती भी बरती जाएगी।

■ **मुख्यमंत्री ने शुरू किया अटल मॉनिटरिंग पोर्टल**

वर्तमान में 23 विभागों की 35 महत्वपूर्ण योजनाओं की मॉनिटरिंग इस पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि अटल मॉनिटरिंग पोर्टल से हमको योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की रियल टाइम स्थिति मिलेगी। सुशासन दिवस के अवसर पर यह पोर्टल लांच किया गया है। सुशासन तभी आता है जब लगातार मॉनिटरिंग होती है। जमीनी स्थिति पर सीधे नजर होती है। हमारे पास इस पोर्टल के माध्यम से अद्यतन जानकारी होंगी जिससे हम योजनाओं की नियमित समीक्षा कर सकेंगे।

**खबर संक्षेप**

### उप मुख्यमंत्री साव का मंच टूटा, बाल-बाल बचे



**बिलासपुर।** लोरमी में स्वागत समारोह के दौरान उप मुख्यमंत्री अरुण साव का मंच टूटने से हड़कंप मच गया, मंच टूटने से श्री साव सहित कई नेता नीचे गिर गए। जानकारी के अनुसार श्री साव सोमवार को लोरमी दौरे पर थे, इस दौरान शहर में जगह जगह उनका स्वागत किया जा रहा था। पुराना बस स्टैण्ड के पास उनके स्वागत के लिए बनाए गए मंच पर बड़ी संख्या में समर्थक चढ़ गए।

**गोवा में सबसे अधिक मामले**

## 6 राज्यों में कोरोना के नए वेरिएंट के 63 केस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश में रविवार तक कोरोना वायरस के उप-स्वरूप 'जेएन.1' के 63 मामले सामने आए, जिनमें से 34 मामले गोवा में पाए गए। महाराष्ट्र से नौ, कर्नाटक से आठ, केरल से छह, तमिलनाडु से चार और तेलंगाना में दो मामले सामने आए हैं। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ वी के पॉल ने पिछले हफ्ते कहा था कि भारत में वैज्ञानिक समुदाय कोरोना वायरस के नए उप-स्वरूप की बारीकी से पड़ताल कर रहा है।

**कर्नाटक में तीन की मौत**

कोरोना के नए वेरिएंट से कर्नाटक में तीन लोगों की मौत हो गई। इधर, 24 घंटे में संक्रमण के 628 नए मामले सामने आए हैं। उपचाराधीन मरीजों की संख्या 4,054 है। कोविड-19 से मरने वालों की संख्या 5,33,334 हो गई है। केरल में पिछले 24 घंटे की अवधि एक मरीज की मौत दर्ज की गई। कोरोना वायरस का जेएन.1 (बीए.2.86.1.1) उप-स्वरूप अगस्त में लक्जमबर्ग में सामने आया।

**मंत्री मुंडे भी पॉजिटिव**

महाराष्ट्र के कृषि मंत्री धनंजय मुंडे कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने संवाददाताओं से कहा कि कोविड-19 से घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, मेरे एक कैबिनेट सहयोगी धनंजय मुंडे कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। हालांकि, प्रशासन राज्य में सावधानी बरत रहा है और इसके प्रसार को रोकने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मुंडे के कार्यालय ने भी मंत्री के संक्रमित होने की पुष्टि की है।



अरुणाचल में दुनिया की सबसे ऊंचाई पर स्थित है यह सबसे लंबी सुरंग

# सेला टनल बनकर तैयार, नए साल में मिलेगा तोहफा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

नए वर्ष में देशवासी एक बार फिर से ऐतिहासिक क्षण के गवाह बनने जा रहे हैं। बहुप्रतीक्षित और दुनिया की सबसे ऊंचाई पर बन रही सबसे लंबी सुरंग (13000 फीट) का काम लगभग पूरा हो गया है। डबल लेन वाली यह ऑल वेदर टनल अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामिंग और तवांग जिले को जोड़ेगा। एलएसी तक पहुंचने वाला यह एकमात्र रास्ता है। माइनस 20 डिग्री के तापमान में रात-दिन इसका काम जारी है। बॉर्डर रोड आर्गेनाजेशन (बीआरओ) की देखरेख में बन रही यह सुरंग पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक का उदाहरण है। यह सुरक्षा टनल सुरक्षा के अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखकर बनी है। इसके बनने से जहां प्रदेश के लोगों की राह आसान होगी वहीं भारतीय सेना की तवांग सेक्टर में ताकत बढ़ेगी और वह तीव्र गति से अग्रिम मोर्चे तक पहुंच सकेगी। माना जा रहा नए वर्ष में इसे अगले महीने प्रधानमंत्री देशवासियों को समर्पित कर सकते हैं।

■ बीआरओ की देखरेख में बन रही यह सुरंग पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक का उदाहरण




**कुल टनल प्रोजेक्ट की लंबाई है 11.84 किलोमीटर :** टनल प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 11.84 किलोमीटर है। इसमें टनल और सड़कें शामिल हैं। पश्चिम कमिंग जिले (बैसाखी) की तरफ 7.2 किलोमीटर चलने के बाद हम टनल-1 में प्रवेश करते हैं। इसकी लंबाई करीब 1 किलोमीटर है। इसके बाद एक सड़क आती है, जिसकी लंबाई 1.2 किलोमटर है। इसके बाद आती है टनल-2 की जिसकी लंबाई 1.591 किलोमीटर है। टनल से निकलने के बाद तीसरी सड़क है, जो नूरानंग की तरफ निकलती है, इसकी लंबाई है 770 मीटर की है।

### रणनीतिक महत्व

- सेला दर्रा (पास) 317 किलोमीटर लंबी बालीपारा-चाहरद्वार-तवांग सड़क पर है।
  यह अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग को तवांग को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाला एकमात्र सड़क है।
- तवांग सेक्टर में एलएसी तक पहुंचने का एक मात्र रास्ता।
- हर मौसम में रहेगा खुला। भारतीय सेना और आमजन को होगी सहूलियत
- सेना तीव्र गति से पहुंचेगी अग्रिम चौकियों तक, चीन को दे सकेंगे माकूल जवाब




शिमला। हिमाचल प्रदेश स्थित संजौली-ढल्ली टनल का सोमवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने इसका उद्घाटन किया। 154.22 मीटर लंबी यह सुरंग 47.36 करोड़ की लागत से बनी है।

## खबर संक्षेप

### 52000 मामलों का निपटारा अभूतपूर्व




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में क्रिसमस के मौके पर समारोह का आयोजन किया गया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने इस दौरान, अदालतों में लंबित लाखों मुकदमों का जिक्र करते हुए बताया, पिछले साल सुप्रीम कोर्ट में 52000 मामलों को निपटारा किया गया जो अभूतपूर्व रिकॉर्ड है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्यों के लिए कमरों का एक नया सेट बनाया जाएगा। जिनके वकीलों के पास वर्तमान में कक्ष नहीं हैं, उनके लिए हमने सुप्रीम कोर्ट की सबसे निकटवर्ती जमीन का अधिग्रहण किया है।

### पीएम मोदी पर टिप्पणी पूर्व सांसद पर केस



**अहमदाबाद।** गुजरात के अमरेली जिले में एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में पूर्व कांग्रेस सांसद वीरजी थुम्मर के खिलाफ गैर संज्ञेय अपराध दर्ज किया गया है। अमरेली जिले के भाजपा इकाई के महासचिव मेहुल धोराजिया ने थम्मुर पर कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी को दलाल कहने का आरोप लगाया है। उन्होंने अमरेली पुलिस स्टेशन में शनिवार को शिकायत दर्ज कराई थी।

### जगन्नाथ मंदिर के लिए विशेष सुरक्षा बटालियन



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर करने और भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए एक समर्पित विशेष सुरक्षा बटालियन के गठन के प्रस्ताव को सोमवार को मंजूरी दे दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि श्री जगन्नाथ मंदिर में सुरक्षा, श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधा और भीड़ प्रबंधन उपाय प्रदान करने के लिए इसकी आवश्यकता जताई गई थी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि जहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या लगभग पचास हजार होने का अनुमान है।

औपनिवेशिक काल के कानूनों की ली जगह

# खत्म हो गए अंग्रेजों के जमाने के कानून, तीन आपराधिक विधेयकों को राष्ट्रपति की मंजूरी

*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तीन नए आपराधिक न्याय विधेयकों को मंजूरी दे दी है। इसी के साथ ये तीनों ही विधेयक कानून बन गए हैं। इसमें भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक संहिता और भारतीय सक्षम अधिनियम शामिल हैं। अब ये तीनों ही कानून भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), भारतीय दंड प्रक्रिया (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 872 की जगह लेंगे। इससे पहले दोनों ही सदनों में इन विधेयकों को मंजूरी मिल गई थी।*

**पहले ही दोनों सदनों में इन विधेयकों को मिल गई थी मंजूरी**

**आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम 872 की लेंगे जगह**

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पेश किया था यह बिल**

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पिछले सप्ताह संसद में इन विधेयकों को नए सिरे से पेश किया गया था। बता दें कि इन तीनों ही कानूनों का उद्देश्य देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को बदलना है जिससे कि अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानूनों से निजात मिल सके। इन कानूनों में राजद्रोह के अपराध को खत्म कर दिया गया है। इसके अलावा राज्य के खिलाफ अपराध की एक नई धारा डाली गई है। इस विधेयक को पहले संसद के मानसून सत्र के दौरान ही पेश किया गया था। हालांकि स्थायी समिति की सिफारिशों के बाद इसे वापस ले लिया गया था। अब इसे सुधार के साथ फिर से पेश किया गया।



### अब कैसा है राजद्रोह का नया अवतार

गृह मंत्री अमित शाह ने बिल को पेश करते हुए कहा था कि अब के विधेयक में अल्पविराम और पूर्ण विराम का पूरा ध्यान रखा गया है। वहीं इस नए कानून में राजद्रोह में सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक गतिविधइ, संप्रभुता या एकता को खतरे में डालने वाले अपराध, अलगाववादी गतिविधि जैसे अपराधों क शामिल किया गया है। अगर कोई मौखिक, लिखित या सांकेतिक रूप से ऐसी गतिविधियों को उत्तेजित करता है या फिर प्रयास करता है, एकता और अखंडता को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है तो उसे आजीवन कारावास की सजा दी जा सकती है। इसके अलावा उसपर जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

### 80 फीसदी प्रावधान पहले जैसे ही

*जानकारों के मुताबिक इन नए कानूनों में 80 फीसदी प्रावधान पहले जैसे ही हैं। वहीं राजद्रोह के आईपीसी से हटाया गया है। इसके अलावा छोटे संगठित अपराधों के लिए राज्यों को अपने कानून बनाने की छूट दी गई है। इसमें पॉकेटमारी और चोरी जैसे अपराध शामिल हैं। शादी का झांसा देकर सेक्स को भी अपराध बताया गया है। इसके अलावा धारा 377 को हटा दिया गया है। पहले पुलिस को 15 दिन की ही रिमांड दी जा सकती थी जो कि अब 60 से 90 दिनों की भी हो सकती है। जांच पड़ताल के लिए फरेंसिक सबूतों को महत्वपूर्ण बताया गया गया है।*

**राजद्रोह शब्द की जगह मिला नया शब्द 'देशद्रोह'**

*नए कानूनों के तहत 'राजद्रोह' को एक नया शब्द 'देशद्रोह' मिला है। इस प्रकार ब्रिटिश काल के शब्द को हटा दिया गया है। साथ ही पहली बार भारतीय न्याय संहिता में आतंकवाद शब्द को परिभाषित किया गया है। यह आईपीसी में नहीं था। नए कानूनों के तहत मजिस्ट्रेट के जुर्माना लगाने के अधिकार को बढ़ाने के साथ ही अपराधी घोषित करने का दायरा बढ़ा दिया गया है। साथ ही पहली बार भारतीय न्याय संहिता में आतंकवाद शब्द को परिभाषित किया गया है। यह आईपीसी में अनुपस्थित था। नए कानूनों के तहत मजिस्ट्रेट के जुर्माना लगाने के अधिकार को बढ़ाने के साथ ही अपराधी घोषित करने का दायरा बढ़ा दिया गया है।*

*लश्कर के आतंकी अब्दुल्ला शाहीन को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर*

# हाफिज के खास एक और आतंकवादी जेहादी गुरु की पाक में 'सरेआम हत्या'

एजेंसी ▸▸| इस्लामाबाद

पाकिस्तान में एक और आतंकवादी की संदिग्ध हालत में सोमवार को मौत हो गई है। इसे हत्या भी कहा जा रहा है। बताया जा रहा है कि लश्कर के आतंकवादी अब्दुल्ला शाहीन को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। यह घटना कसूर इलाके में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि 'अज्ञात पुरुषों' का एक समूह वाहन चला रहा था, जिसने शाहीन को टक्कर मार दी थी। घटना अचानक घटी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही तत्काल मौत हो गई। चरमपंथी हलकों में, अब्दुल्ला शाहीन ने लश्कर-ए-तैयबा में अपनी प्रभावशाली भूमिका के कारण 'जिहादी गुरु' का नाम हासिल किया था। नए लोगों को भर्ती करने के नाते, वह व्यक्तियों को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें आतंकवादी संगठन में शामिल करने के लिए जिम्मेदार था। उसकी मृत्यु उन लोगों के लिए एक युग के अंत का प्रतीक है जो उसकी कट्टरपंथी विचारधाराओं का पालन करते थे। घटना में एक अज्ञात वाहन का इस्तेमाल बाहरी ताकतों या प्रतिद्वंद्वी गुटों की संभावित भागीदारी के बारे में सवाल उठाता है। अब्दुल्ला शाहीन की टारगेट किलिंग के पीछे कई कारण हो सकते हैं।



### हाफिज, अजहर, रहमान और सलाहुद्दीन

इंटेल एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान में धड़ाधड़ गिरते दहशतगर्दों से विभिन्न संगठनों के प्रमुख दहशत में आ गए हैं। बताया जा रहा है कि वे सभी प्रमुख, अब भूमिगत हो चुके हैं। इनमें हाफिज सईद, सैयद सलाहुद्दीन, मसूद अजहर, अब्दुल रहमान मक्की और जफर इकबाल आदि शामिल हैं। खास बात है कि इन सभी को पाकिस्तान में सुरक्षा प्रदान की गई है। बता दें कि पाकिस्तान में इस साल 'जैश-ए-मोहम्मद' 'डी कंपनी', 'लश्कर ए तैयबा', हिजबुल मुजाहिदीन, लश्कर-ए-जब्बर और लश्कर-आई-जांगवी सहित कई आतंकी संगठनों से जुड़े कई दहशतगर्द मारे जा चुके हैं।

दिल्ली हाईकोर्ट का अहम आदेश, दूसरे राज्यों के आय प्रमाण पत्र को देनी होगी मान्यता

# ईडब्लूएस छात्रों का एडमिशन नहीं रोक सकते केंद्रीय विद्यालय




एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र के अधीन आने वाले केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) को एडमिशन प्रोसेस से जुड़ा एक आदेश दिया है। जिसमें कहा गया है कि वह आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस) के तहत आने वाले बच्चे को सिर्फ इसलिए एडमिशन देने से इनकार नहीं कर सकते कि उसके पास आय प्रमाण पत्र किसी अन्य राज्य से प्राप्त किया गया है।

जस्टिस अनूप जयराम भंभानी ने कहा कि केंद्र सरकार ने नोटिफिकेशन जारी किया है कि सभी डॉक्यूमेंट राज्य सरकारों द्वारा वेरिफ़ाई किए गए हों और उसपर हस्ताक्षर तहसीलदार से नीचे तक के अधिकारी के हों। जस्टिस अनूप जयराम भंभानी ने केंद्र सरकार के नोटिफिकेशन का जिक्र करते हुए कहा, "इसका मतलब यह कि कि ईडब्लूएस कैटेगरी के तहत देश में कहीं भी केवी स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को उस राज्य सरकार से जारी प्रमाण पत्र पेश करने की जरूरत नहीं है जहां वह एडमिशन ले रहा है। लेकिन जो भी डॉक्यूमेंट वह पेश कर रहा है किसी अधिकारी से उसका सत्यापन होना जरूरी है।"

### ये है मामला

हाईकोर्ट ने कहा यह फैसला एक याचिका पर सुनवाई के बाद दिया है। दरअसल उत्तर प्रदेश से आने वाले एक बच्चे का एडमिशन दिल्ली केवीएस ने इसलिए नकार दिया था कि उसके पास ईडब्लूएस प्रमाण पत्र दिल्ली का नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश का है। उत्तर प्रदेश के आज़मगढ़ के मूल निवासी याचिकाकर्ता ने शुरू में अपने बेटे के लिए ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत कक्षा 1 में प्रवेश की मांग की थी। उन्होंने कहा कि वह नौकरी हासिल करने के लिए दिल्ली चले आए और चाहते थे कि उनके बेटे को राष्ट्रीय राजधानी के केंद्रीय विद्यालय में दाखिला मिले। चूंकि मुकदमेबाजी के दौरान काफी समय बर्बाद हुआ, इसलिए अदालत ने उसे कक्षा 3 में प्रवेश देने का आदेश दिया है। उस बच्चे का ईडब्लूएस प्रमाण पत्र आजमगढ़ के एक तहसीलदार ने जारी किया था। हालांकि केवीएस के वकील ने तर्क दिया कि याचिकाकर्ता के बेटे को न केवल इस आधार पर प्रवेश देने से इनकार कर दिया गया कि उस व्यक्ति ने उत्तर प्रदेश से आय प्रमाण पत्र/ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र पेश किया था बल्कि उसके डॉक्यूमेंट में और भी कमियां थीं।

# ईरान ने नकारा तेल टैंकर पर ड्रोन हमले का आरोप

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

हिंद महासागर में शनिवार को मालवाहक जहाज पर ड्रोन के हमले के बाद से भारतीय नौसेना सतर्क हो गई है। अमेरिका ने इस हमले का आरोपी ईरान पर लगाया है।



इसी बीच, सोमवार को ईरान ने अमेरिका के गंभीर आरोपों को खारिज कर दिया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका के लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं। बता दें 23 दिसंबर को गुजरात तट के पास अरब सागर में एक रासायनिक टैंकर पर हमला किया था। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की प्रतिक्रिया उस वक्त सामने आई जब अमेरिका ने रासायनिक टैंकर का आरोपी ईरान को ठहराया था। बता दें यह घटना शनिवार सुबह लगभग 10 बजे वेरावल से लगभग 200 समुद्री मील दक्षिण-पश्चिम में हुई।

प्रियंका ने कहा बृजभूषण को बचाने फैलाया जा रहा भ्रम

# कुश्ती महासंघ को भंग करने को लेकर झूठी खबर फैला रही सरकार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को भंग करने की झूठी खबर प्रसारित कर रही है ताकि भ्रम फैलाकर यौन शोषण के आरोपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह को बचाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि कुश्ती महासंघ की गतिविधियां सिर्फ रोकी गई हैं ताकि भ्रम फैलाया जा सके। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "भाजपा सरकार कुश्ती संघ को भंग करने की झूठी खबर फैला रही है। कुश्ती संघ को भंग नहीं किया गया है, सिर्फ उसकी गतिविधियों को रोका गया है ताकि भ्रम फैलाकर आरोपी को बचाया जा सके। एक पीड़ित महिला की आवाज दबाने के लिए इस स्तर पर जाना पड़ रहा है?

### यह है मामला

खेल मंत्रालय ने गत रविवार को भारतीय कुश्ती महासंघ को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया क्योंकि नवनिर्वाचित संस्था ने उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया और पहलवानों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय दिए बिना अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की 'जल्दबाजी में घोषणा' कर दी। मंत्रालय ने भी कहा कि नई संस्था 'पूरी तरह से पूर्व पदाधिकारियों के नियंत्रण' में काम कर रही थी जो राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुरूप नहीं है।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

वीडियो हो रहा वायरल

# बाइडेन के विमान के ऊपर मंडराता दिखा यूएफओ!

एजेंसी ▸▸| लास एंजेलिस

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन दिसंबर के दूसरे हफ्ते में चुनाव अभियान के लिए लॉस एंजेलिस गए। इस दौरान उनके एयरफोर्स वन विमान के ऊपर यूएफओ मंडराते हुए देखा गया। इस घटना के बाद कुछ लोगों ने यहां तक कह दिया कि बाइडेन के पीछे एलियंस पड़ गए हैं। बाइडेन 10 दिसंबर को लॉस एंजेलिस गए थे। उनका विमान जब शहर के एयरपोर्ट की ओर बढ़ रहा था, तो उस वक्त उसके ऊपर गोलाकार सफेद या चांदी की कोई चीज मंडराते हुई देखी गई। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, लोगों ने इसे एयरपोर्ट से ही देखा. शुरू में तो कुछ लोगों ने कहा कि ये सिर्फ एक सफेद गुब्बारा है, लेकिन जल्द ही लोग ये भी कहने लगे कि शायद ये किसी एलियंस का विमान है, जो जीवन की तलाश में पृथ्वी पर आया है।



### कैमरे में रिकॉर्ड हुई पूरी घटना

दरअसल, विमानों में दिलचस्पी रखने वाले दो लोग जोशुआ और पीटर सोलरजानो 10 दिसंबर के दिन लॉस एंजलिस एयरपोर्ट पर शूट कर रहे थे। उनका मकसद था कि वह अपने कैमरे में एयरफोर्स वन को कैद करें. सबसे पहले तो उन्होंने दो एफ-35 फाइटर जेट्स को हवा में पेट्रोलिंग करते हुए रिकॉर्ड किया, जो राष्ट्रपति के लैंड करने के पहले सुरक्षा की जांच करने के लिए मंडरा रहे थे। दोनों ने एफ-35 फाइटर जेट्स को हवा में ही केसी-10 टैंकर से ईंधन भरते हुए भी रिकॉर्ड किया।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425


विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508133

रायपुर
मंगलवार, 26 दिसंबर 2023
अगहन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
वर्ष : 22, अंक : 159
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00 **

मौसम
अधि. 29.9
न्यून. 14.5

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

3
झूम झूम झूम बाबा पर थिरकेंगी...



विचार पेज
2 चुनावी रणनीति का शिकार हुई संसद

# इलेक्ट्रो होम्योपैथी में अब एक से चार साल का डिप्लोमा, प्रवेश और परीक्षा के लिए बने नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


छत्तीसगढ़ सरकार ने ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी साइंस एवं रिसर्च, प्रवेश एवं परीक्षा 2023 नियम राजपत्र में प्रकाशित किए हैं। इन नियमों पर अनापत्ति का समय पूरा होने के बाद इन्हें लागू किया जाएगा। राजपत्र में इस संबंध में कहा गया है कि इसका विस्तार संपूर्ण देश में ▶▶|शेष पेज 7 पर

अलग खबर

### प्रवेश के लिए ये होगी योग्यता

नियमित, पत्राचार के छात्र छात्राओं को प्रवेश के लिए कोर्स अनुसार निर्धारित 8वीं, 10 वीं, 12वीं अथवा अन्य अंकसूची की स्व प्रमाणित छाया प्रति जमा करानी होगी। आधार, निवास प्रमाणपत्र और शपथपत्र के साथ निर्धारित शुल्क ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी साइंस एवं रिसर्च के नाम पर देना होगा। हर विषय की परीक्षा 100 अंको की होगी। 40 प्रतिशत अंक पाने पर उत्तीण माना जाएगा। 40 प्रतिशत अंक से कम किसी एक विषय में प्राप्त होने पर कृपांक दिया जा सकेगा जो अधिकतम 10 अंकों का होगा।

### 100 अंकों की होगी हर विषय की परीक्षा



#### मसाज पर भी दी जाएगी ट्रेनिंग

इलेक्ट्रो होम्योपैथी के प्रशिक्षण केंद्र को स्पष्ट करते हुए बताया गया है कि आल इंडिया काउंसिल ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी साइंस के द्वारा संचालित इलेक्ट्रो होम्योपैथी, इलेक्ट्रो पैथ, बायोकैमीक, चुंबक चिकित्सा, मसाज चिकित्सा, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति एवं अन्य वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति का प्रशिक्षण केंद्र तथा काउंसिल से मान्यता व अनुमति प्राप्त संस्थान होगा। यहां पर नियमित पत्राचार से अध्ययन एवं अध्यापन कराया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ी भाषा में भी परीक्षा


खास बात ये है कि परीक्षा के लिए हिंदी या अंग्रेजी या राज्य की स्थानीय भाषा में काउंसिल के नियमानुसार परीक्षा ली जाएगी। छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी भाषा में अध्यनरत भाषा में छात्र छात्राओं की छत्तीसगढ़ी भाषा में परीक्षा ली जा सकेगी। परीक्षा नियमित, पत्राचार, ओपन, आनडिमांड होंगी। सभी परीक्षाएं उत्तर पुस्तिका आधारित, ऑनलाइन कंप्यूर आधारित, पत्राचार, अथवा गूगल मीट के माध्यम से ली जाएगी। काउंसिल द्वारा सभी उत्तीर्ण छात्रों का पंजीयन नियमानुसार किया जाएगा और प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। कांउसिल के इन नियमों के संबंध में सुझाव एवं आपत्ति राजपत्र में प्रकाशन दिनांक के 7 दिनों के भीतर ही स्वीकार एवं मान्य होंगे। यह अधिसूचना ऑल इंडिया कांउसिल ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी साइंस एवं रिसर्च के अध्यक्ष डीपी जोशी के हस्ताक्षर से जारी हुई है।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### भक्तों के लिए सुनिश्चित करें भोजन-पानी

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने सोमवार को एक विशेष बैठक की और त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड को वार्षिक तीर्थयात्रा के लिए सबरीमाला में भगवान अयप्पा मंदिर के रास्ते में आने वाले श्रद्धालुओं को 'एडाथावलम' में पानी, नाश्ता और अन्य सुविधाएं प्रदान करने का निर्देश जारी किया। न्यायमूर्ति अनिल के नरेंद्रन और न्यायमूर्ति जी गिरीश की पीठ ने उन खबरों पर संज्ञान लेते हुए विशेष बैठक की, जिनमें बच्चों सहित श्रद्धालु सबरीमला की सड़कों पर 12 घंटे तक बिना भोजन या पानी के फंसे रहे।



## दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में कोहरा, छत्तीसगढ़ में सुबह कोहरा, फिर धूप

# कोहरे ने बदला विमानों का रास्ता, छग समेत कई राज्यों में रही धुंध, अब और गिरेगा पारा

*ठंड की दस्तक के साथ कई राज्यों में कोहरा का कहर है। दिल्ली में सोमवार को कोहरे कारण कई उड़ानों को डायवर्ट कर दिया गया। श्रीनगर में उड़ानों में देरी हुई, वहीं दिल्ली समेत 6 राज्यों के एयरपोर्ट पर सोमवार सुबह 6 बजे कोहरे के कारण जीरो विजिबिलिटी दर्ज की गई। छत्तीसगढ़ के कुछ शहरों में भी सुबह कोहरा छाया रहा, तापमान में ज्यादा परिवर्तन नहीं हुआ, लेकिन रात के तापमान में 3 डिग्री गिरावट का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है।*


हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

राष्ट्रीय राजधानी में क्रिसमस के दिन सोमवार को सुबह धुंध की मोटी चादर छाई रही, हालांकि वायु गुणवत्ता 'गंभीर' से सुधरकर 'बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस पर बना रहा। सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 100 प्रतिशत थी। खराब मौसम के कारण सोमवार सुबह दिल्ली हवाई अड्डे से आठ उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। एक अधिकारी के मुताबिक सुबह छह ▶▶|शेष पेज 7 पर

### रायपुर में छाया रहा कोहरा, गिरेगा पारा

*छत्तीसगढ़ में पश्चिमी हवाओं के गुजरने के बाद फिर ठंड बढ़ने लगी है। अगले 72 घंटे में न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री तक गिरावट हो सकती है। रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में सुबह तक कोहरा छाया रहा। हालांकि बाद में धूप निकल गई। रविवार को सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री नारायणपुर में दर्ज किया गया।*

दिल्ली हवाई अड्डे से आठ उड़ानों का मार्ग किया गया परिवर्तित 1



### यहां कोहरा बनी जानलेवा

#### तेलंगाना में छह की मौत



तेलंगाना के नलगोंडा जिले में घने कोहरे के कारण दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई। पहली दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार युवक ने एक पैदल यात्री को टक्कर मार दी। विपरीत दिशा से आ रही एक लॉरी ने उनके वाहन को टक्कर मार दी।

#### राजस्थान में तीन की गई जान



राजस्थान के बाड़मेर जिले में सोमवार सुबह घने कोहरे के कारण दो वाहनों की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। तनोट माता मंदिर से दर्शन कर लौट रहे गुजरात के चार दोस्तों की कार सोमवार सुबह घने कोहरे के कारण दूसरे वाहन से टकरा गई।

### 10 पूर्व मंत्रियों को नहीं मिली जगह

## सिंधिया का दबदबा, शिवराज के करीबी का भी कटा पत्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मध्य प्रदेश के मोहन यादव कैबिनेट का गठन हो गया। इनमें 28 मंत्रियों को जगह दी गई हैं। इनमें 18 कैबिनेट मंत्री, 6 राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार और 4 राज्य मंत्री बनाए गए है। विधायक गोविंद राजपूत को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। यह सिंधिया परिवार के करीबी माने जाते हैं। इस मंत्रिमंडल में शिवराज सिंह चौहान के करीबियों और दिग्गज नेताओं का पत्ता कट गया ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### इसलिए कटे दिग्गजों के पत्ते

इसके अलावा पूर्व मंत्री संजय पाठक सिंधिया समर्थक पूर्व मंत्री प्रभुराम चौधरी, पूर्व मंत्री उषा ठाकुर को भी इस बार कैबिनेट में जगह नहीं दी गई है। ये मंत्रिमंडल विस्तार लोकसभा चुनाव को देखते हुए किया गया है। यही कारण है कि कई दिग्गजों के पत्ते कट गए हैं।

#### इन्हें मिली जगह

28 मंत्रियों में से 18 कैबिनेट रैंक के हैं, छह राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं और चार राज्य मंत्री हैं। विजय शाह, कैलाश विजयवर्गीय, प्रह्लाद पटेल, करण सिंह वर्मा, राकेश सिंह, उदय प्रताप सिंह , संपतिया उइके, तुलसीराम सिलावट, ऐदल सिंह कंसाना, ▶▶|शेष पेज 7 पर






## चिंतन

# रुपये के अंतर्राष्ट्रीयकरण से भारत को बड़ा फायदा

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से खरीदे गए कच्चे तेल के लिए भारत ने रुपये में पहला भुगतान कर अपनी मुद्रा को वैश्विक स्तर पर ले जाने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। भारत लंबे समय से ग्लोबल मार्केट में रुपये में भुगतान की कोशिश कर रहा है। इसके लिए भारत ने करीब 68 देशों के साथ नीतिगत सहमति भी बनाई है। भारत अपनी मुद्रा रुपये को ग्लोबल मार्केट में एक विनिमय मुद्रा के रूप में स्थापित करना चाहता है। हाल के वर्षों में डॉलर की बढ़ती बादशाहत से दुनिया के अधिकांश देश असहज महसूस कर रहे हैं। डॉलर को लेकर अमेरिकी रुख से भी दूसरे देशों को परेशानी होती है। ऐसे में देश अपनी अपनी मुद्रा में आपसी व्यापार को बढ़ावा दे रहे हैं। चीन पहले से कोशिश में लगा है, रूस भी कोशिश कर रहा है, पर उसकी मुद्रा रूबल की हालत खस्ता है। भारत रूस के साथ भी रुपये में भुगतान कर तेल खरीदना चाह रहा था। यूक्रेन जंग के दौरान भारत ने रूस से सबसे अधिक कच्चे तेल का आयात किया। भुगतान के लिए रुपये पर बात चल रही थी, पर अंत तक आंशिक सहमति ही बन पाई है। इस बीच यूएई से रुपये में तेल खरीद कर जहां अंतरराष्ट्रीय बाजार को साफ संदेश दिया है कि भारत को सामान बेचने के लिए रुपये में भुगतान एक विकल्प है, वहीं इससे डॉलर पर निर्भरता भी कम होगी। यह भुगतान लेने वाले के लिए भी अच्छा है कि उसे भारत से आयात के समय डॉलर की जरूरत नहीं पड़ेगी। भारत अन्य तेल आपूर्तिकर्ता देशों के साथ भी इसी तरह के रुपया भुगतान सौदों की कोशिश में लगा हुआ है। रुपये में भुगतान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लागू करना एक प्रक्रिया है और इसके लिए कोई लक्ष्य नहीं रखा गया है। अपनी 85 प्रतिशत से अधिक तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत आयात पर निर्भर है। इसके लिए उसे बड़े पैमाने पर डॉलर में भुगतान करना होता है, लेकिन पिछले साल से भारत ने तेल की खरीद का भुगतान डॉलर के बजाय रुपये में करने की व्यवस्था शुरू की है और इस दिशा में रिजर्व बैंक ने भी जरूरी कदम उठाए हैं। इस दिशा में भारत ने जुलाई में यूएई के साथ रुपये में भुगतान के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) से 10 लाख बैरल कच्चे तेल की खरीद का भुगतान रुपये में किया है। इसके अलावा रूस से आयात किए गए कच्चे तेल के कुछ हिस्से का भी भुगतान रुपये में किया गया है। हालांकि हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि तेल खरीद का भुगतान रुपये में करने से लागत न बढ़े और इसका व्यापार पर किसी भी तरह से नुकसान न पड़े। जहां रकम अधिक नहीं है वहां रुपये में सौदा निपटान में ज्यादा समस्या नहीं होती है, लेकिन जब कच्चे तेल का हरेक जहाज लाखों डॉलर की कीमत का हो तो समस्याएं होती हैं। भारत व्यापक राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए स्थिति से निपट रहा है। रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण से डॉलर की मांग कम करने में मदद मिलेगी और भारतीय अर्थव्यवस्था पर वैश्विक मौद्रिक झटकों का कम असर होगा। यूएई को रुपये में भुगतान डॉलर की बादशाहत खत्म करने को उठाया गया यह एक बड़ा कदम है। करीब दो सालों से अमेरिका महंगाई को कम करने और डॉलर को मजबूत करने के लिए ब्याज दरों में इजाफा करता जा रहा है। ग्लोबल इकोनॉमी में डॉलर को लेकर अलग से नैरेटिव भी क्रिएट हो रहा है कि कि अब डॉलर के बजाय दुनिया के बाकी देश अपनी-अपनी करेंसी को मजबूत करें। इससे दूसरी मुद्राएं भी मजबूत होंगी। चीन भी डॉलर का मुकाबला करने के लिए युआन का अंतर्राष्ट्रीयकरण करने की कोशिश कर रहा है और उसने ब्राजील और अर्जेंटीना के साथ करेंसी डील की है। चीन डॉलर के सामानान्तर युआन को लाना चाहता है, जो मुमकिन नहीं है। भारत को तेजी से रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण को आगे बढ़ाना होगा।



## मुद्दा
डॉ. मोनिका शर्मा

# युवाओं के आदर्श बनें सितारे

तेलुगू फिल्मों के चर्चित चेहरे अल्लू अर्जुन ने अपनी आगामी फिल्म में शराब और पान मसाला के विज्ञापन से इंकार कर दिया। प्रस्ताव यह था कि फिल्म के जिस भी दृश्य में अल्लू अर्जुन अपने किरदार को निभाते हुए धूम्रपान करते या पान मसाला चबाते दिखेंगे, स्क्रीन पर उस उत्पाद के ब्रांड का लोगों दिखाया जाएगा। यूं विज्ञापन करने के लिए 10 करोड़ रुपये देने की पेशकश की गई थी। मोटी रकम को ठुकराते हुए इस फिल्मी सितारे ने खुद को इस तरह एक उत्पादों का प्रचार करने में असहज होने का कारण बताया। ज्ञात हो कि यह पहली बार नहीं है जब फिल्मी दुनिया के इस चर्चित चेहरे ने शराब और पान मसाला का विज्ञापन करने से इंकार किया है। इससे पहले एक तंबाकू कंपनी के टेलीविज़न विज्ञापन के लिए भी ना का चुके हैं। मोटी रकम देने की पेशकश के बावजूद युवाओं में पैठ रखने वाले एक सितारे का ऐसे उत्पादों के विज्ञापनों को ठुकराना सुखद उदाहरण ही कहा जाएगा।

दरअसल, फिल्मी दुनिया हो या खेल का संसार। ऐसे क्षेत्रों से जुड़े सफल चेहरों से जुड़ी बातें और बर्ताव ना केवल चर्चा का विषय बनते हैं बल्कि उनका अनुसरण करने की मानसिकता भी खूब देखने को मिलती है। विशेषकर युवाओं पर उनकी हर गतिविधि का असर होता है। स्क्रीन पर परोसी गई सामग्री से लेकर व्यक्तिगत जीवन की बातों तक, युवा काफी गहराई से प्रभावित होते हैं। कुलमिलाकर हानिकारक उत्पादों का प्रचार पूरी सामाजिक व्यवस्था पर असल डालता है। ऐसे विज्ञापनों से युवा और किशोर भ्रमित होते हैं। ऐसे विज्ञापन बेहद आकर्षक होते हैं। इनके संवाद हों या भाव-भंगिमा, लोगों की मनःस्थिति पर सीधा सर करते हैं। यही कारण है कि चर्चित हस्तियों को ऐसे विज्ञापनों का हिस्सा बनाने का प्रयास किया जाता है। ज्ञात हो कि कुछ समय पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी कहा था कि दुनिया भर में हर साल तम्बाकू उत्पादों के सेवन से लगभग 80 लाख लोगों की मौत हो जाती है। साथ ही लोगों को बहकाने के लिए विज्ञापन रणनीतियों का सहारा लिया जाता है, जिन पर 9 अरब डॉलर का ख़र्च होता है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि नामी-गिरामी हस्तियों की खास छवि की जनमानस में गहरी पैठ होती है। जन-कल्याण से जुड़े सजगता का सन्देश देने वाले विज्ञापन हों या खालिस व्यावसायिक उत्पादों का प्रचार, लोकप्रिय चेहरों की पहुँच और प्रभाव दोनों असरकारी साबित होते हैं। यही वजह है कि कंपनियाँ मोटी धनराशि देकर ऐसे सितारों को अपने उत्पादों के प्रचार के लिए चुनती हैं। विज्ञापन से मिलने वाली मोटी रकम के चलते अपने क्षेत्र में नाम कमाने वाले अधिकतर चर्चित चेहरे भी ना सिर्फ विज्ञापनों की दुनिया का हिस्सा बनते हैं बल्कि बिना किसी चयन और मापदंड के किसी भी उत्पाद या सेवा के इस्तेमाल की सलाह देते भी नजर आते हैं। हाल ही में भारत सरकार के विकसित भारत अभियान के ब्रांड एंबेसडर बने अंतरराष्ट्रीय पहलवान संग्राम सिंह ने भी टोबैको फ्री इंडिया मुहिम के एक कार्यक्रम में कहा था कि युवाओं के सामने रोजाना तंबाकू के विज्ञापन किए जा रहे हैं। मुनाफे के लिए इनके संवेदनशील दिमागों को निशाना बनाया जा रहा है। ध्यातव्य है कि स्वयं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक उत्पादों का विज्ञापन करने को ना कह चुके संग्राम सिंह 'तंबाकू फ्री इंडिया' अभियान का चेहरा भी हैं।

ऐसे में किसी विज्ञापन के माध्यम से समाज में जा रहे सन्देश को देने से पहले उसके असर को समझना, लोकप्रिय चेहरों की भी जिम्मेदारी है। खिलाड़ी हों या फिल्मी सितारे, जनप्रियता भी एक जवाबदेही साथ लाती है। शराब और तंबाकू उत्पादों के सेवन से जुड़े स्वास्थ्य के खतरे किसी से छुपे नहीं हैं। उच्चत्तम न्यायालय ने भी बीते साल गुटखा तम्बाकू की खुले आम बिक्री पर नाराजगी जताई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी कई बार चेताया है कि धीमा जहर कहे जाने वाले तंबाकू उत्पाद कई जानलेवा बीमारियों की जड़ हैं। वहीं शराब की आदत भी दुर्घटनाओं और अपराधों के आंकड़े बढ़ाने से लेकर स्वास्थ्य बिगाड़ने तक, कई जोखिम साथ लाती है। ऐसे में सितारे स्वयं मोटी राशि कमाने के फेर में जनता से मिले प्रेम, सराहना और विश्वास के भाव की अनदेखी करने के बजाय अपने दायित्व को समझें। हानिकारक उत्पादों का विज्ञापन कर उनका बाजार बढ़ाने की वकालत करने का रास्ता ना चुनें।



## राजनीति
अवधेश कुमार

सरकार के साथ तनाव, मतभेद व संघर्ष समझ में आता है किंतु अध्यक्ष और सभापति तक की बातें न मानी जाए और उन्हें आरोपित किया जाए तो इनमें बीच का रास्ता नहीं निकल सकता। इससे पता चलता है कि सदन के अंदर कितनी विकट स्थिति रही होगी। अगर 2024 लोकसभा की चुनावी रणनीति का शिकार संसद को बनाया जाएगा तो ऐसी ही स्थिति पैदा होगी। यह मान कर चलिए कि इस संसद का अंतिम सत्र यानी बजट सत्र में भी ऐसे ही डरावने दृश्य उत्पन्न होंगे। निलंबन पर सांसदों को अफसोस होना चाहिए कि उन्होंने लोकतंत्र के शीर्ष इकाई के शीर्ष प्रतिनिधि होने संबंधी आचरण की मर्यादा का उल्लंघन किया। इसके विपरीत निलंबन पर गर्व महसूस करना गलत है।

# चुनावी रणनीति का शिकार हुई संसद

संसद के शीतकालीन सत्र ने अपने माननीय सांसदों के निलंबन का रिकॉर्ड बना दिया। पूरा देश संसद सांसदों के व्यवहार और निलंबन की घोषणा को देखकर विस्मित था। दोनों सदनों को मिलाकर 146 सांसदों के निलंबन की कभी कल्पना भी नहीं की गई होगी। अंतिम दिन तो कांग्रेस के केवल 9 सांसद लोकसभा में बचे थे जिनमें पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी शामिल थे। सत्र समाप्त होने के साथ आईएनडीआईए के सदस्यों ने पहले संसद से विजय चौक तक विरोध मार्च निकाला और बाद में जंतर-मंतर पर धरना दिया व विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन को नाम दिया गया था, लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ। ठीक विपरीत सत्ता पक्ष की ओर से विपक्ष पर लोकतंत्र के अपहरण का आरोप लगाया है। संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि दृश्य ऐसा था मानो विपक्षी सांसद अपने निलंबन करने के लिए गिड़गिड़ा रहे हों। इसमें सबसे चिंता का विषय सरकार और विपक्ष की लड़ाई का लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति बनाम विपक्ष में परिणत हो जाना है। प्रत्यक्ष तौर पर भले यह शत-प्रतिशत न दिखे पर सच्चाई यही है। अगर माननीय सांसद सर्वसम्मति से निर्धारित आचरण को तोड़ते हुए बेल में जाते हैं ,और तख्तियां दिखाते हैं, नारे लगाते हैं, आसान की ओर कागज फेंकते हैं तो यह सरकार का नहीं आसन यानी अध्यक्ष और सभापति का अपमान होता है।

इस समय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तथा कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के बीच के पत्र व्यवहार को देखकर अनुमान लगाया जा सकता है कि स्थिति कितनी चिंताजनक है। वास्तव में उपराष्ट्रपति का पत्र यदि विपक्ष को इस स्थिति के लिए उत्तरदायी ठहराता है तो मल्लिकार्जुन खरगे भी सीधी बात न करते हुए उन्हें ही घेरने की कोशिश करते दिखते हैं। धनखड़ ने खरगे और राकांपा प्रमुख शरद पवार को पत्र लिखकर कहा है कि स्वीकार नहीं की जाने वाली मांगों के जरिए सदन को पंगु बनाने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने लिखा है कि पीड़ा के साथ कह रहा हूं कि मेरे आग्रह और प्रयासों को सदन में स्वस्थ कामकाज के लिए आपका समर्थन नहीं मिला। अनुभवी नेता के तौर पर आप जानते हैं कि पीठासीन अधिकारी के साथ बातचीत उच्च प्राथमिकता होती है। सभापति के लिए इससे अधिक पीड़ादायी कुछ नहीं हो सकता है कि मुलाकात का आग्रह स्वीकार नहीं किया गया। यह संसदीय परंपरा के अनुरूप नहीं था। इस तरह का विमर्श सभापति को सदन में सार्थक बहस के लिए प्रेरित करता है। उनके पत्र की एक पंक्ति देखिए,- यह देखकर दुख हुआ कि कुशल राजनीतिज्ञ का दृष्टिकोण प्रदर्शित करने और उच्च सदन की गरिमा बनाए रखने के बजाय अनुभवी सदस्यों ने भी दलगत भावना से प्रेरित दृष्टिकोण अपनाया। दूसरी ओर खरगे ने अपने पत्र में इतनी बड़ी संख्या में सांसदों के निलंबन को भारत के संसदीय लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के लिए हानिकारक बताते हुए कहा है कि वह इससे व्यथित और चिंतित हैं और निराशा



व दुखी महसूस कर रहे हैं। उनकी पंक्ति देखिए, 'मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि संसद की सुरक्षा में सेंध के मुद्दे पर रूल्स एंड प्रोसीजर ऑफ द काउंसिल आफ स्टेट्स यानी राज्यसभा के के नियम व प्रक्रियाओं से संबंधित नियमों के तहत कई नोटिस दाखिल किए गए थे। खेद का विषय है कि न तो इनको स्वीकार किया गया और न ही मुझे या विपक्षी दलों के किसी अन्य सदस्य को बोलने की अनुमति प्रदान की गई।'

इन पंक्तियों के बाद किसी को संदेश रह जाता है कि खरगे अंततः किसे आरोपित कर रहे है। संसद के दोनों सदन में अंतिम निर्णय अध्यक्ष व सभापति का ही मान्य होता है। खरगे कह रहे हैं कि हमने तो आपको नोटिस दिया लेकिन आपने चर्चा नहीं कराया। वे उपराष्ट्रपति से मिलने की बात कर रहे हैं किंतु इसमें भी उन्होंने लिखा है कि आपसी सहमति से निर्धारित तिथि पर वह उनसे मामले पर चर्चा करें और उनकी चिताओं का निवारण करें। इस तरह की भाषा में लिखा गया पत्र ही बताता है कि स्थिति कितनी बिगड़ चुकी है। सरकार के साथ तनाव, मतभेद व संघर्ष समझ में आता है किंतु अध्यक्ष और सभापति तक की बातें न मानी जाए और उन्हें आरोपित किया जाए तो इनमें बीच का रास्ता नहीं निकल सकता। इससे पता चलता है कि सदन के अंदर कितनी विकट स्थिति रही होगी। अगर 2024 लोकसभा की चुनावी रणनीति का शिकार संसद को बनाया जाएगा तो ऐसी ही स्थिति पैदा होगी। यह मान कर चलिए कि इस संसद का अंतिम सत्र यानी बजट सत्र में भी ऐसे ही डरावने दृश्य उत्पन्न होंगे।

दो युवकों का दर्शक दीर्घा से कूदना और एक का जूते से प्लास्टिक कैन निकालकर पीला धुआं छोड़ना चिंताजनक घटना थी। अगर कोई स्मोक कैन ले जा सकता है तो वह जहरीला भी ले जा सकता है। इसे गंभीरता से लेकर सुरक्षा में ऐसे आवश्यक बदलाव करने चाहिए जिसे न दर्शक दीर्घि में आने वाले दुष्प्रभावित हो और न ही आगे से इस तरह के जोखिम की संभावना रहे। सभी माननीय सांसदों को ध्यान रखना चाहिए कि देश और दुनिया में ऐसी तस्वीर न बने कि भारत अपनी संसद की सुरक्षा करने में भी सक्षम नहीं है। कुछ विपक्षी सांसद कहने लगे कि कल कोई हथियार लेकर भी अंदर आ जाएगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि संसद की सुरक्षा में हथियार लेकर जाने की किंचित भी गुंजाइश नहीं है।

निलंबन पर सांसदों को अफसोस होना चाहिए कि उन्होंने लोकतंत्र के शीर्ष इकाई के शीर्ष प्रतिनिधि होने संबंधी आचरण की मर्यादा का उल्लंघन किया। इसके विपरीत अपने निलंबन पर गर्व महसूस करने और साथियों द्वारा महिमामंडित किए जाने का माहौल बनाया गया। विपक्ष की मांग थी की सुरक्षा चूक पर गृह मंत्री बयान दें जबकि लोकसभा अध्यक्ष ने स्वयं कहा कि संसद की सुरक्षा का दायित्व उनका है, इसलिए वे इस पर बयान देंगे। लोकसभा अध्यक्ष को बयान देने की स्थिति बनायी जानी चाहिए थी। ऐसा कोई विषय नहीं जिस पर सदन में चर्चा न की जा सके। किंतु इसके लिए दोनों पक्षों को अपने रुख में लचीलापन दिखाने की आवश्यकता थी। यह विषय सरकार की आक्रामक घेरेबंदी की बजाय सभी दलों के बीच विमर्श का था कि ऐसा क्यों हुआ और आगे इसकी पुनरावृत्ति नहीं हो। ध्यान रखिए कि विधानसभा चुनाव में आईएनडीआईए लगभग अस्तित्वहीन हो गया था तथा कांग्रेस के अहंवादी व्यवहार से इसके कई घटक दलों में नाराजगी थी। भाजपा विरोध के नाम पर संसद में विपक्षी एकजुटता सबसे आसान रास्ता था और रणनीति के तहत ऐसा व्यवहार किया गया। परिणाम हमारे सामने है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित
## दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

# महिमा राम नाम की




संकलित
## प्रेरणा

एक आदमी बर्फ बनाने वाली कम्पनी में काम करता था। एक दिन कारखाना बन्द होने से पहले अकेला फ्रिज करने वाले कमरे का चक्कर लगाने गया तो गलती से दरवाजा बंद हो गया। और वह अंदर बर्फ वाले हिस्से में फंस गया छुट्टी का वक़्त था और सब काम करने वाले लोग घर जा रहे थे। किसी ने भी अधिक ध्यान नहीं दिया की कोई अंदर फंस गया है। वह समझ गया की दो-तीन घंटे बाद उसका शरीर बर्फ बन जाएगा अब जब मौत सामने नजर आने लगी तो, भगवान को सच्चे मन से याद करने लगा। एक घंटे ही गुजरे थे कि अचानक फ़्रीजर रूम में खट खट की आवाज हुई। दरवाजा खुला चौकीदार भागता हुआ आया। उस आदमी को उठाकर बाहर निकाला और गर्म हीटर के पास ले गया। उसकी हालत कुछ देर बाद ठीक हुई तो उसने चौकीदार से पूछा, आप अंदर कैसे आए? चौकीदार बोला कि साहब मैं 20 साल से यहां काम कर रहा हूं। इस कारखाने में काम करते हुए हर रोज सैकड़ों मजदूर और ऑफिसर कारखाने में आते जाते हैं। मैं देखता हूं लेकिन आप उन कुछ लोगों में से हो, जो जब भी कारखाने में आते हो तो मुझसे हंस कर राम राम करते हो और हालचाल पूछते हो और निकलते हुए आपका राम राम काका कहना मेरी सारे दिन की थकावट दूर कर देता है। जबकि अक्सर लोग मेरे पास से यूं गुजर जाते हैं कि जैसे मैं हूं ही नहीं। आज हर दिनों की तरह मैंने आपका आते हुए अभिवादन तो सुना लेकिन राम राम काका सुनने के लिए इंतज़ार करता रहा।

## दत्त जंयती



चिकमगलूर में सोमवार को श्रद्धालु दत्त जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभा यात्रा में भाग लेते हुए।

## आज की पाती

### अच्छे नेता की खूबियां थी वाजपेयी जी में

आए हो निभाने को जब किरदार जमीं पर, कुछ ऐसा कर चलो कि जमाना मिसाल दे। अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर, शिंदे छावनी में हुआ था। इनकी शिक्षा ग्वालियर में हुई और इन्होंने डीएवी कॉलेज कानपुर से एमए राजनीति विज्ञान में की थी। वाजपेयी एक अच्छे राजनेता ही नहीं थे, बल्कि इनके लिए एक बार पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने राज्यसभा में भारतीय राजनीति का 'भीष्म पितामह' कहा था। अटल जी एक अच्छे कवि भी थे। इनकी कविताओं ने हर किसी के अंदर जोश और जज्बा भरा। **-रमेश गौतम**, भाटापारा

## ट्रेंड

### धरती का उपहार



कुछ साल पहले मुझे द होली पोप से मिलने का सौभाग्य मिला था। वो मेरे लिए यादगार पल था। क्रिसमस पर उपहार देने की परंपरा है। इस अवसर पर हम ये विचार करें कि कैसे हम आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर धरती का उपहार दे सकते हैं।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### गौरवशाली जीवन



अटल बिहारी वाजपेयी की याद आती है, जिन्होंने मुझे राजनीति से देश की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया। मैं उन सिद्धांतों और समर्पण को मूर्त रूप देने का प्रयास करता हूं, जिनका अनुकरण आपने अपने गौरवशाली जीवन में किया।
**-वरुण गांधी, भाजपा नेता**

### कोई सम्मान नहीं चाहिए



हमें सिर्फ़ भगवान पर भरोसा है। मैंने अपना पद्मश्री सम्मान बहन-बेटियों के लिए वापस किया था, उनके सम्मान के लिए वापस किया था और जब तक उन्हें न्याय नहीं मिल जाता तब तक मुझे कोई सम्मान नहीं चाहिए। जय हिंद।
**-बजरंग पुनिया, पहलवान**

### सबसे अच्छा तरीका



सर्दी के इस मौसम में छुट्टी पर, इसे उस व्यक्ति के लिए एक उज्ज्वल और खुशी का दिन बनाएं जो सिर्फ गर्म रहने की कोशिश कर रहा है। उसके लिए कुछ दान करें और उसे गर्म कपड़े दें। यह आपके दिल को गर्म करने का भी सबसे अच्छा तरीका है।
**-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# करोड़ों डकार गए यूक्रेनी अफसर, हथियार नहीं खरीदे



यूक्रेन रक्षा मंत्रालय के उच्च पदस्थ अधिकारी को सशस्त्र समझौते से संबंधित 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर गबन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यूक्रेन के सुरक्षा सेवा (एसबीयू) ने आरोप लगाया कि अधिकारी ने पिछले साल दिसंबर में गोला-बारूद के एक बड़े बैच की खरीद के लिए एक विशेष निर्यात कंपनी के साथ समझौता किया था। उन्होंने दावा किया कि उनके पास इन अवैध गतिविधियों को साबित करने के लिए दस्तावेज भी है। दोष साबित होने पर आरोपी को 15 साल की सजा हो सकती है। यूक्रेनी मंत्रालय ने गबन किए गए रकम की वसूली के प्रयास शुरू किया है। यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय के प्रेस और सूचना विभाग के प्रमुख इलारियन पावलियुक ने बताया कि समझौते में संबंधित डिल्वरी के बिना भुगतान शामिल था। हालांकि, अब इस समझौते को खत्म करने और गबन के पैसे वापस पाने के रास्ते की तलाश की जा रही है। सितंबर में यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने देश के रक्षा मंत्रालय से जुड़े कई भ्रष्टाचार घोटालों को उजागर करते हुए रक्षा मंत्री ओलेस्की रेजनिकोव को बर्खास्त किया था। मीडिया के अनुसार अमेरिका ने यूक्रेन से सरकारी भ्रष्टाचार से निपटने के पयासों में तेजी लाने का अनुरोध किया है।

## ऑफ बीट

# सांता क्लॉज़ की उत्पत्ति कहां से हुई?



सेंट निकोलस यह सब सेंट निकोलस से शुरू होता है, एक व्यक्ति जो चौथी शताब्दी में रहता था। कोई भी विश्वसनीय ऐतिहासिक स्रोत उनके जीवन के तथ्यों को साबित नहीं कर सकता है, लेकिन परंपरा के अनुसार, मायरा के सेंट निकोलस, जिन्हें बाद में बारी के सेंट निकोलस के नाम से जाना जाता था, सम्राट कॉन्सटेंटाइन द ग्रेट के शासनकाल के दौरान रहते थे। परंपरा के अनुसार, उनका जन्म एशिया माइनर में प्राचीन लाइकिया के एक शहर पटारा में हुआ था, जो अब तुर्की का हिस्सा है। निकोलस, जो बाद में मायरा के बिशप बने, अपने गहन ईसाई विश्वास और असाधारण करुणा के लिए जाने जाते थे। हालाँकि ऐतिहासिक रिकॉर्ड उनके जीवन का विस्तृत विवरण प्रदान नहीं करता है, परंपरा हमें बताती है कि उन्होंने अपनी युवावस्था में फलस्तीन और मिस्र की यात्रा की, जिससे उनकी गहरी आध्यात्मिक प्रतिबद्धता विकसित हुई। निकोलस जब छोटा था तो अनाथ हो गया था और उसके पास एक बड़ी विरासत थी। उन्होंने इस धन का उपयोग जरूरतमंदों की मदद के लिए करने का फैसला किया। उनकी उदारता का सबसे प्रसिद्ध कार्य तीन गरीब बहनों के लिए दहेज प्रदान करना था।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।



# यह देश गांधी जी ही नहीं सुभाष चंद्र बोस का भी है

**मुंबई।** वरुण तेज और मानुषी छिल्लर स्टारर ऑपरेशन वैलेंटाइन का टीजर रिलीज कर दिया गया है। अक्षय कुमार स्टारर सम्राट पृथ्वीराज से बॉलीवुड में कदम रखने वालीं मानुषी छिल्लर अब तेलुगू सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। उनकी फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन का टीजर रिलीज कर दिया गया है। ऑपरेशन वैलेंटाइन को तेलुगू और हिंदी भाषा में शूट किया गया है। सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और संदीप मुड्डा की रेनेसां पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को शक्ति प्रताप सिंह हाडा ने निर्देशित किया है। फिल्म 16 फरवरी 2024 को रिलीज होगी। फिल्म के जरिए एयर फोर्स के जवानों द्वारा झेली जाने वाली चुनौतियों को करीब से दिखाया जाएगा।

लाइफ Style

# फरहीन

## इस हीरोइन को लोग कहते थे माधुरी दीक्षित

बॉलीवुड में 90 का दशक बेहद सुनहरा था। इसी दौरान बॉलीवुड को शाहरुख खान, सलमान खान और माधुरी दीक्षित जैसे सुपरस्टार्स मिले। वहीं कई ऐसे सितारे भी उभरे जो रातोंरात ही दर्शकों के दिलों पर छा गए, लेकिन फिर देखते ही देखते वह कहीं खो भी गए।

एजेंसी ⏭ मुंबई

**मुंबई।** ऐसी ही एक एक्ट्रेस थीं फरहीन, जो अपनी पहली फिल्म 'जान तेरे नाम' से ही हिट हो गईं, क्योंकि वह माधुरी दीक्षित की तरह नजर आती थीं। उनकी तुलना माधुरी से होने लगी और उनकी पॉपुलैरिटी बढ़ने लगी। लेकिन अपने करियर के पीक मोमेंट में फरहीन ने एक दिन एक क्रिकेटर मनोज प्रभाकर से शादी रचा ली और हमेशा के लिए इस फिल्मी दुनिया को छोड़ गई और अब हैं करोड़ों के बिजनेस की मालकिन। फहरीन को क्रिकेटर मनोज प्रभाकर से प्यार हो गया, जो पहले से शादीशुदा थे, हालांकि उनकी शादी में परेशानी चल रही थी। फरहीन और मनोज एक जिम में मिले और उनके बीच दोस्ती हुई और फिर प्यार हुआ। दोनों लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगे, साल 2009 में हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक दोनों ने शादी कर ली।इस फिल्म के बाद फरहीन को अक्षय कुमार के साथ फिल्में करने का मौका मिला। फरहीन अक्षय कुमार के साथ फिल्म नजर के सामने में दिखीं। वहीं फिल्म सैनिक में भी फरहीन और अक्षय कुमार ने स्क्रीन शेयर किया।

साल 1992 में रिलीज हुई फिल्म 'जान तेरे नाम' से फरहीन ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था. ये फिल्म जबरदस्त हिट रही और इसके गाने तो आज तक याद किए जाते हैं।



# 'सालार' और 'डंकी' के साथ रिलीज हुई एक्वामैन 2 का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल

मुंबई। डीसी यूनिवर्स के सुपरहीरो एक्वामैन की दूसरी फिल्म एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम 22 दिसंबर को रिलीज हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने अब तक कुल करीब 9.34 करोड़ के आसपास की कमाई की है। यहां जानते हैं फिल्म ने किस दिन कितनी कमाई की और क्या ये फिल्म 2018 में आए पहले पार्ट की कमाई को छू भी पा रही है या नहीं? एक्वामैन 2 की वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो अंग्रेजी वेबसाइट डेडलाइन के मुताबिक, फिल्म ने दुनियाभर में अब तक 120 मिलियन डॉलर की बेहतरीन कमाई कर ली है।




### किस दिन कितनी कमाई की है फिल्म ने?

बॉक्स ऑफिस में उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, एक्वामैन 2 ने पहले दिन 3 करोड़, दूसरे दिन 1.51 करोड़ और तीसरे दिन 2.26 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म की चौथे दिन की कमाई 2.57 करोड़ के आसपास रही। इस तरह से फिल्म ने इंडिया में अब तक कुल 9.34 करोड़ रुपये के आसपास का बिजनेस किया है। एक्वामैन का पहला पार्ट साल 2018 में आया था। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, इस फिल्म ने पहले दिन 5.50 करोड़ कमाए थे। वहीं इसका ओपनिंग वीकेंड 24.25 करोड़ था।

### दो बड़े स्टार्स की फिल्म ने रोकी रफ्तार

एक्वामैन के साथ भारतीय सिनेमा के दो बड़े स्टार्स की फिल्में रिलीज हुई हैं। शाहरुख खान की डंकी और प्रभास की सालार दोनों ही फिल्मों का इंतजार दर्शकों का लंबे समय से था। दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही हैं। ऐसे में ठीकठाक रिव्यू होने के बावजूद एक्वामैन इन दोनों फिल्मों के बीच में पिसती हुई नजर आ रही है।





# मर्दानी 3 में नजर आएंगी रानी



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री रानी मुखर्जी फिल्म मर्दानी में काम करती नजर आ सकती हैं। रानी मुखर्जी ने मर्दानी में एक सशक्त पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय की भूमिका निभाकर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया था। मर्दानी की सफलता के बाद वर्ष 2019 में मर्दानी 2 बनायी गई। चर्चा है कि अब मर्दानी 3 बनायी जा रही है। रानी मुखर्जी ने कहा कि एक अभिनेत्री के रूप में मैं हमेशा मानती हूं कि हम कोई फिल्म इसलिए नहीं करना चाहते, क्योंकि वह अच्छी लगती है। हमें तब फिल्म करनी चाहिए जब स्क्रिप्ट अच्छी हो और जब हम ऐसी फिल्म बनाना चाहते हों जो बदलाव ला रही हो। यदि कहानी में वह दम नहीं है तो हम मर्दानी 3 नहीं बना सकते हैं। यह कुछ ऐसा होना चाहिए जिससे लोग आज जुड़ें, लड़कियों को यह सशक्त लगे। तभी हम मर्दानी 3 बना सकते हैं। इसे सिर्फ इसलिए नहीं करना चाहिए क्योंकि, यह रोमांचक लगता है। रानी मुखर्जी ने बताया कि मर्दानी फ्रेंचाइज की फिल्म केवल दर्शकों के प्यार की वजह से आगे बढ़ रही है, क्योंकि महिला प्रधान फ्रेंचाइज फिल्म का चलना बहुत कठिन होता है।

# झूम झूम झूम बाबा पर थिरकेंगी दीपिका



**मुंबई।** मिनरल वाटर ब्रांड बिसलरी ने नए कैंपेन बिसलेरी ड्रिंकअप में दीपिका पादुकोण को अपना पहला ग्लोबल ब्रांड एंबेसेडर बनाया है। विज्ञापन फिल्म में दीपिका मशहूर गाने 'झूम झूम झूम बाबा' पर नए अंदाज में थिरकती नजर आएंगी। इस दौरान वह ताजगी पाने के लिये 'पानी' पीती दिखाई देंगी। बिसलेरी ड्रिंकअप कैंपेन को निर्वाणा फिल्म्स ने शूट किया है और इसका निर्देशन प्रकाश वर्मा ने किया है। दीपिका पादुकोण को ब्रांड एंबेसेडर बनाने पर अपनी बात रखते हुए बिसलरी इंटरनेशनल प्रा. लि. की वाइस चेयरपर्सन जयंती चौहान ने कहा कि हमारा नया कैंपेन बिसलेरी ड्रिंकअप पहली बार दीपिका पादुकोण के मशहूर अंदाज में मजा और रोमांच लेकर आ रहा है। हम दीपिका पादुकोण को अपनी पहली ग्लोबल ब्रांड एंबेसेडर बनाकर उत्साहित हैं। उनका काम और वैल्यूज़ हमारी ब्रांड फिलोसॉफी से मेल खाते हैं। उनके साथ हम अपने ब्रांड की नए जमाने में तरक्की दिखा सकते हैं।



हरिभूमि
# सहेली
मंगलवार
26 दिसंबर 2023
वर्षांत-नववर्ष
विशेषांक
2023 / 2024

देखते ही देखते वर्ष 2023 भी हमसे विदा ले रहा है। साल के इस आखिरी समय में अधिकतर लोग मन ही मन इसी उधेड़बुन में लगे हैं कि हमने क्या खोया और क्या पाया? इस तरह सोचने से कोई फायदा नहीं, जो बीत गई, सो बात गई। अब नूतन वर्ष के सूर्योदय की ओर देखें, नई आशाओं और उमंगों के साथ ऐसी जीवनशैली अपनाएं, जो खुशहाल जिंदगी दे।



## जो बीत गई सो बात गई

कवर स्टोरी / विनीता

सही कहा गया है कि बीता हुआ समय और जुबान से निकले शब्द कभी भी लौट कर वापस नहीं आते। इस साल को समाप्त होने में भी अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। ऐसे समय में अधिकतर लोग यह सोच कर दुखी हो जाएंगे, 'यह साल भी यूं ही बीत गया, इन बारह महीनों में हमें ना तो कोई विशेष कामयाबी हासिल हुई और ना ही जीवन में कुछ ऐसा नया घटित हुआ, जिसे याद करके खुशी महसूस हो।' साथ ही लोगों को ऐसी बातें भी याद आएंगी, जिनकी वजह से इस साल उनका मन आहत-दुखी हुआ हो। कई बार उसे अपनी किसी गलती पर बहुत पश्चात्ताप भी महसूस होगा कि उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था या उसे यह नहीं बोलना चाहिए था। ऐसी नकारात्मक बातें साल के अंत में व्यक्ति को बहुत बेचैन-परेशान करती हैं। ऐसे में कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता की यह पंक्ति 'जो बीत गई सो बात गई' को याद रखते हुए वर्तमान यानी नए साल में अपने जीवन को संवार-निखार कर, उसे पहले की तुलना में अधिक सुंदर और सार्थक बनाने के प्रयास में जुट जाएं।

### सही ढंग से करें टाइम मैनेजमेंट

सर्वप्रथम इस बात को समझें कि जीवन का हर पल बहुत कीमती है, हम उसकी कीमत पहचानें और बिना वक्त बर्बाद किए अपने हर क्षण का सदुपयोग करें। अपनी दिनचर्या को इस ढंग से व्यवस्थित करें कि हमारे सभी कार्य सही समय पर पूरे हों, साथ ही हमें आराम करने के लिए भी समय मिले, क्योंकि स्वस्थ और प्रसन्न रहने के लिए थोड़ा आराम



भी जरूरी है। रात को सही समय पर सोने और सुबह जल्दी जागने का हम संकल्प लें। मोबाइल का सीमित उपयोग करें, क्योंकि सोशल मीडिया पर अधिक सक्रियता समय की बर्बादी का बहुत बड़ा कारण है। रोजाना सुबह उठकर हम आवश्यक कार्यों की एक सूची बनाएं और रात को सोने से पहले एक बार उसे अवश्य चेक कर लें कि उनमें से कौन-से काम पूरे हो गए, किसी वजह से अगर कोई काम अधूरा रह गया हो, तो उसे अगले दिन जरूर पूरा कर लें। जहां तक संभव हो हम आज के काम को कल पर टालने की आदत छोड़ दें।

### माफ करें, भूल जाएं

बीते समय की कटु स्मृतियां दुखों की सबसे बड़ी वजह हैं। इसलिए अगर किसी की बातों से आपका मन आहत हुआ हो, तो बार-बार उन्हीं



बातों को याद करके उदास होने से बेहतर है कि आप उन बातों को भूल जाएं। जिस व्यक्ति के व्यवहार से आप दुखी हैं, उसके प्रति अपने मन में लंबे समय तक नाराजगी ना रखें, बल्कि थोड़ी उदारता दिखते हुए उसे माफ कर दें। यकीन मानिए, इससे आपके मन को बहुत सुकून मिलेगा। इसी बात का दूसरा पहलू यह भी है कि अगर कभी जाने-अनजाने में आपके किसी व्यवहार से दूसरों की भावनाएं आहत हुई हों, तो ऐसी बातों को भी अपने मन में ना रखें, क्योंकि ग्लानि की वजह से आपको अकसर उदासी महसूस होगी। ऐसी मनोदशा से बाहर निकलने के लिए जितनी जल्दी हो सके आप उस व्यक्ति से माफी मांग लें। इससे आप तनावमुक्त हो जाएंगी। मशहूर शायर मिर्जा गालिब ने सही कहा है, *'कुछ इस तरह मैंने जिंदगी को आसान कर लिया, किसी से माफी मांग ली, किसी को माफ कर दिया।'*

### वर्तमान में जिएं

जो समय बीत गया, वह लौटकर कभी वापस नहीं आता, इसलिए उसके बारे में सोचकर पछताना छोड़ दें। भविष्य के लिए योजनाएं जरूर बनाएं, लेकिन यह भी जाने लें कि आने वाला समय भी हमेशा अनिश्चित होता है, उसके बारे में कोई कुछ भी बता नहीं सकता, इसलिए वर्तमान की अहमियत को समझते हुए सामने जो भी कार्य हो, उसे पूरा करने की कोशिश करें। अगर आप योजनाबद्ध ढंग से वर्तमान को संवारने की कोशिश में जुटी रहेंगी, तो स्वाभाविक रूप से आपका भविष्य अपने आप बेहतर हो जाएगा, क्योंकि आज की मेहनत का परिणाम कुछ समय के बाद ही नजर आता है।

...तो फिर क्यों ना जो कुछ भी दुखद था, इस साल के अंत में आप उसे भुलाकर केवल मधुर स्मृतियों को संजोने का संकल्प लें, निश्चित ही नववर्ष आपके लिए मंगलमय होगा। a

### मजबूत हो इच्छाशक्ति

**हो सकता** है, किसी असफलता की वजह से आप उदासी-हताशा महसूस कर रही हों, लेकिन हिम्मत ना हारें, बल्कि दृढ़ निश्चय के साथ जुटी रहें और खुद से यह वादा करें, 'मुझे हर हाल में खुश रहना है।' अगर आपके साथ कुछ बुरा हुआ हो तो उसे भूल कर बेहतरी की दिशा में अगला कदम बढ़ाएं। हमेशा याद रखें कि अच्छा सोचने का परिणाम हमेशा अच्छा ही होता है। इसलिए जीवन के प्रति हमेशा सकारात्मक नजरिया अपनाएं। 'मेरा यह कार्य जरूर पूरा होगा', अगर आप अपने मन में ऐसे आशावादी विचार रखेंगी तो आपको हर हाल में सफलता मिलेगी। a



हम अनजाने में ही कुछ ऐसी आदतें बना लेते हैं, जो हमें तनाव देती हैं, हमारे आगे बढ़ने के रास्ते में बाधक बनती हैं। बीत रहे साल में हम इन बुरी आदतों को विदाई दें, ऐसी आदतें अपनाएं जो हमें हर तनाव से मुक्त रखें।

## बीत रहे साल में पुरानी आदतों को दें विदाई

लाइफस्टाइल / शिखर चंद जैन

हम बढ़ती उम्र के साथ अनुभवी, समझदार और परिपक्व होते जाते हैं। जाने-अनजाने हम कई गलतियां भी करते हैं या ऐसी आदतें बना लेते हैं, जिनके परिणाम नुकसानदेह होते हैं, जो हमें बाद में समझ में आते हैं। जाहिर है, इन गलतियों को ना दोहराने और बुरी आदतों को छोड़ देने में ही हमारी भलाई है। आइए, विदा ले रहे साल में हम अपनी बुरी और गलत आदतों की भी विदा कर दें। ये आदते हैं-

**दूसरों से अपनी तुलना:** कुछ लोगों में दूसरों से अपनी तुलना करने और फिर खुद को कमतर आंकते हुए दुखी रहने की आदत हो जाती है। इस आदत से नुकसान ही होता है, क्योंकि इससे आप आत्महीनता का शिकार हो जाती हैं, हताशा-निराशा की ओर बढ़ती हैं। नतीजा यह होता है, आपकी काम करने की इच्छा, ऊर्जा-शक्ति कम होने लगती है। इसलिए नए साल में आप अपने व्यक्तित्व में नया निखार लाएं, अपनी मेहनत पर भरोसा करें। इससे आपके आगे बढ़ने के रास्ते प्रशस्त होंगे।

**दूसरों से राय लेना:** जब आप किसी भी काम को करने से पहले सशंकित रहती हैं। छोटे-छोटे कामों के लिए भी दूसरों की राय पर निर्भर रहती हैं तो समझ लीजिए कि आप अपनी प्रगति की राह में खुद ही रोड़े अटका रही हैं। आपको अपनी निर्णय लेने की शक्ति और अपने विचारों पर भरोसा होना चाहिए। जब तक कोई बहुत उलझा हुआ या बड़ा मामला ना हो, आप बेवजह लोगों की राय लेने से बचें। जब आप स्वयं अपने निर्णय लेंगी तो आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**सबके काम का बोझ लेना :** हमसे से कुछ लोगों को दूसरों के सामने अच्छा बनने या सबका दिल जीत लेने की आदत होती है, यह आदत आपके दिलो-दिमाग पर भारी पड़ सकती है। वाहवाही पाने के लिए दूसरे के कामों को अपने सिर पर लेना कोई समझदारी की बात नहीं है। इससे आप पर मेंटल, फिजिकल प्रेशर बढ़ता है, आपकी वर्क एफिशिएंसी कम होती है। जब तक कोई बहुत अजीज ना हो, किसी बड़ी परेशानी में ना हो, तब तक उसका काम ना लें। अनावश्यक रूप से अपने कामों का बोझ ना बढ़ाएं।

**टॉक्सिक संबंधों को वक्त देना :** कुछ रिश्तेदार, परिचित या पड़ोसी आपको हमेशा मानसिक कष्ट देते हैं। आप शिष्टता के नाते या लोकलाज से कई बार इन रिश्तों को ढोती रहती हैं, लेकिन नए साल में ऐसा हरगिज ना करें। ऐसे रिश्ते आपकी ऊर्जा, समय, कार्यक्षमता और सुकून को नष्ट करते हैं, साथ ही मन में नकारात्मकता का भाव भरते हैं। ऐसे रिश्तों से दूरी बना लें और चैन से रहें। आप ऐसे लोगों से जुड़ें, जिनका साथ आपको मानसिक शांति, प्रेरणा और उत्साह दे और सकारात्मक भावों का संचार करे।

**अपनी जरूरत को नजरअंदाज करना:** घरेलू महिलाएं अकसर अपने सास-ससुर, पति और बच्चों के कामों में, वर्किंग वुमेन भी घर और वर्कप्लेस की दोहरी जिम्मेदारी के चलते अपनी सेहत, साज-श्रृंगार और शौक को भुला देती हैं। यह ना भूलें कि जब आपका तन-मन प्रसन्न और दुरुस्त नहीं रहेगा तो आप अपने परिजनों की सही ढंग से कैसे देख-भाल कर पाएंगी? इसलिए नए साल में अपना यह रेजोल्यूशन जरूर रखिए कि दूसरों की देख-भाल के साथ अपना भी ध्यान रखेंगी। a



### ये आदतें भी छोड़ दें

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगे रहना और अपनी वास्तविक जरूरत को समुचित समय ना देना।
- परफेक्शन के चक्कर में वक्त की बर्बादी और अपने जरूरी कामों को अधूरा छोड़ना या टालना।
- दिन-रात सिर्फ सोचते रहना, नित नई प्लानिंग बनाना लेकिन वास्तविकता के धरातल पर कुछ ना करना।



Ajay 9827144371

सलाह / मनीषा

## विपरीत परिस्थितियों से लें जीवन के सबक

साल के अंत में अधिकांश लोग जो अच्छा हुआ है, उसे कम ही याद करते हैं, लेकिन जो भी विषम परिस्थितियों के चलते बुरा हुआ है, उसे लेकर उदास-दुखी रहते हैं। यह दुख आगे लंबा खिंचे, नए साल में भी दिलो-दिमाग में बैठा रहे तो यह अपने हित में नहीं है। इससे जल्द से जल्द उबरना जरूरी है। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखते हुए, नई सोच के साथ अपना जीवन जीना होगा।



**भुला दें दुखद-कटु स्मृतियां:** सभी के जीवन में उतार-चढ़ाव आते हैं। जीवन में बारी-बारी से सुख और दुख का आना-जाना लगा रहता है। अगर आप आने वाले नए साल में भी खुश रहना चाहती हैं तो दुखद-कटु स्मृतियों को भूलकर केवल अच्छी-प्यारी बातों को ही याद रखें और सकारात्मक सोच के साथ आगे की ओर कदम बढ़ाएं। इससे जीवन में खुशहाली आएगी।

**समय है सबसे बड़ा सबक :** बुरा समय भी हमें बहुत कुछ सिखा जाता है। सही मायने में समय हमें एक शिक्षक की तरह जीवन के जरूरी सबक सिखाता रहता है। इसलिए जब भी अपनी किसी कमी या गलती से बुरा हुआ है, इस गलती और कमी को जानें-समझें और इससे सबक लें। आगे इस गलती को कभी दोहराएं नहीं।

**जीवन के प्रति आशावादी सोच अपनाएं :** कई बार हमारे सामने कुछ ऐसी परिस्थितियां भी होती हैं, जिन पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं होता। मसलन कोई आकस्मिक दुर्घटना, आर्थिक नुकसान और प्रियजनों का निधन। इससे होने वाले नुकसान की भरपाई बहुत मुश्किल होती है। ऐसे में आपको यही सोचना चाहिए कि ऐसे हालात के लिए आप कहीं से भी जिम्मेदार नहीं हैं, इसलिए 'मेरे ही साथ ऐसा क्यों हुआ?' यह सोचकर उदास-निराश ना हों, ना ही अपने मन में कोई ग्लानि लाएं। इस तरह के दुखों से उबरने में थोड़ा समय जरूर लगता है, लेकिन एक समय बाद उदासी भरे दिन बीत ही जाते हैं। इसलिए दुखद बातों को याद करके उदास होने के बजाय अपने भविष्य के बारे में अच्छा सोचें, अपनी समस्या के बारे में अनुभवी लोगों से सलाह लें, साथ ही समस्या के समाधान के बारे में तार्किक ढंग से सोचकर उसका हल खोजने की कोशिश करें। कोई रास्ता जरूर निकल ही आएगा। हमेशा खुश रहें और जीवन के प्रति आशावादी सोच अपनाएं, यह सोच रखेंगी तो आने वाला नया साल निश्चित रूप से आपके लिए मंगलमय होगा। a



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

यह सही है कि महिलाओं को घर से लेकर बाहर तक तमाम स्तर पर विरोध और संघर्ष का सामना करना पड़ता है। उनके खिलाफ होने वाले अपराधों का ग्राफ साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है। लेकिन इन सबके बावजूद कई महिलाओं ने अपने बुलंद हौसलों के बल पर अलग-अलग क्षेत्रों में इस वर्ष शानदार मुकाम पाकर नई मिसाल हासिल की। ऐसी ही कुछ महिलाओं पर एक नजर।

# बुलंद हौसले से कायम की मिसाल


निर्मला सीतारमण


लीना नायर


निगार शाजी


नेहा नर्खेड़े

आधी आबादी-2023 / नौशाबा परवीन

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) ने 4 दिसंबर 2023 को जो अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी की, उससे मालूम होता है कि 2021 की तुलना में 2022 में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। महिलाओं के खिलाफ अधिकतर अपराध उनके पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता (31.4 प्रतिशत) के थे और इसके बाद महिलाओं के अपहरण (19.2 प्रतिशत), उनकी इज्जत खंडित करने के इरादे से हमला (18.7 प्रतिशत) और बलात्कार (7.1 प्रतिशत) से संबंधित थे। इसके अतिरिक्त 13,479 मामले दहेज निरोधी कानून के तहत पंजीकृत किए गए। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों का प्रतिशत इससे भी कहीं अधिक हो सकता है, क्योंकि बड़ी संख्या में महिलाएं खुद पर हुए जुल्म को रिपोर्ट ही नहीं करती हैं, समाज के दबाव में खामोशी से बर्दाश्त करती रहती हैं। इतनी प्रतिकूल परिस्थितियों और बंदिशों के बावजूद महिलाओं ने 2023 में भी स्पोर्ट्स, बिजनेस, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, सोशल वर्क, एडमिनिस्ट्रेशन, इकोनॉमिक्स समेत कई क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां हासिल कीं, जिन पर ना केवल आधी आबादी को, पूरे समाज को गर्व है। इसे बीबीसी की इंस्पिरेशनल वूमेंस लिस्ट प्रूफ करती है। बीबीसी ने नवंबर 2023 में दुनिया भर की 100 प्रभावी और प्रेरणादायक महिलाओं की जो सूची जारी की, उसमें भारत की तीन महिलाओं को शामिल किया। एक्टर दीया मिर्जा को उनके उल्लेखनीय सामाजिक कार्य के लिए, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को उनके प्रेरणादायक नेतृत्व के लिए और नेशनल जियोग्राफिक की फोटोग्राफर आरती कुमार राव को उनके साहस और शानदार फोटोग्राफी के लिए।


अन्नू रानी


हरमनप्रीत कौर

## स्पोर्ट्स फील्ड

मेरठ में इकलौता गांव की पारुल चौधरी और बहादुरपुर गांव की अन्नू रानी ने जब स्पोर्ट्स में करियर बनाना तय किया था तो उन्हें अपने रिश्तेदारों और अन्य ग्रामीणों से जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा था। लेकिन जब चीन में आयोजित हुए एशियन गेम्स (23 सितंबर से 8 अक्टूबर 2023) में पारुल (5 हजार मीटर में स्वर्ण, 3 हजार मीटर स्टीपल चेज में रजत पदक) और अन्नू रानी (जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक) ने पदक जीते तो उनका विरोध करने वाले ग्रामीण ही उनकी सफलता का जश्न मनाने लगे। उनकी तरह ही इस साल कई रिकॉर्ड तोड़ने और विजय पताका लहराने के बाद हांग्जो एशियन गेम्स में आर्चरी प्लेयर ज्योति वेंनम ने भी कमाल कर दिया। उन्होंने स्वर्ण पदकों की हैट-ट्रिक लगाई। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि इस साल हुए एशियन गेम्स में भारत ने जो रिकॉर्ड 107 पदक हासिल किए उनमें से 54 पदक ऐसे हैं, जिन्हें महिलाओं ने व्यक्तिगत तौर पर, महिला टीम स्पर्धाओं में या मिश्रित टीम मुकाबलों में हासिल किए।


नीति गोयल


नीता अंबानी


पायल जैन

## साइंस-टेक्नोलॉजी

इस साल भारत ने सफलतापूर्वक अपना महत्वाकांक्षी आदित्य-एल1 (सूर्य का अध्ययन करने हेतु देश का पहला ऑब्जर्वेटरी मिशन) स्पेस में भेजा। इसमें सबसे खुशी की बात यह रही कि इस प्रोजेक्ट की निदेशक एक महिला 59-वर्षीय निगार शाजी थीं, जो कि रिसोर्स सैट-2ए (इंडियन रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट फॉर नेशनल रिसोर्स मॉनिटरिंग एंड मैनेजमेंट) की एसोसिएट प्रोजेक्ट डायरेक्टर भी रह चुकी हैं।

## बिजनेस

बिजनेस के क्षेत्र में भी अब महिलाएं आगे बढ़ रही हैं, नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं। पुणे में जन्मी 38 वर्षीय नेहा नर्खेड़े इस वर्ष सबसे कम आयु की सेल्फ-मेड महिला उद्यमी के तौर पर आईआईएफएल वेल्थ हुरून इंडिया रिच लिस्ट में शामिल की गईं। कांफलुएंट, स्ट्रीमिंग डाटा टेक्नोलॉजी कंपनी की सह-संस्थापक नेहा की अनुमानित संपत्ति 4,700 करोड़ रुपए है।

## सोशल वर्क

महिलाएं अपने सामाजिक सरोकारों और दायित्वों को भी समझती हैं। इस साल महिलाएं समाज सेवा में भी पीछे नहीं रही हैं। मसलन, नीति गोयल रेस्तरां श्रृंखला की मालिक तो हैं ही, साथ ही वे विख्यात समाज सेवी भी हैं, जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने 32 अनाथालयों और 800 सेक्स वर्कर्स को गोद लिया हुआ है। रायगढ़ में गरीबों के लिए 1,000 घरों का निर्माण कराया है। महामारी के दौरान उन्होंने सोनू सूद के घर भेजो अभियान के जरिए 1.5 लाख अप्रवासी मजदूरों को वापस घर भेजा था और 80 लाख पैकेट मुफ्त भोजन के वितरित किए थे। इसी तरह प्रोफेसर डॉ. पारिन सोमानी अपने प्रभावी सामाजिक सुधार कार्यक्रमों और सामुदायिक कार्यों के लिए प्रेरणा की मशाल हैं। वह लंदन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ स्किल्स डेवलपमेंट की निदेशक हैं। उन्हें 'वर्ल्ड 2023' के सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले 23 व्यक्तियों की सूची में शामिल किया गया है। उन्होंने जो अपने कार्य से ग्लोबल समुदाय पर अमिट छाप छोड़ी है, उसका जश्न 3 दिसंबर 2023 को इंग्लैंड के ऐतिहासिक और प्रसिद्ध लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में मनाया गया था।

## सोशल मीडिया-ग्लैमर वर्ल्ड

एक्टर और मॉडल 28 वर्षीय पायल जैन 2023 में भारत की टॉप महिला यू-ट्यूबर बनीं। उनके यू-ट्यूब चैनल पर 2.57 मिलियन सब्सक्राइबर हैं। इस साल के पहले नौ माह के दौरान 'नेशनल क्रश' का टैग रश्मिका मंदाना को मिला हुआ था, लेकिन जैसे ही फिल्म 'एनिमल' रिलीज हुई तो 'नेशनल क्रश' तृप्ति दिमरी हो गईं। उनके इंस्टाग्राम फोलोवर्स की संख्या 0.66 मिलियन से बढ़कर 2.6 मिलियन हो गई।

इस तरह देख जाए तो बीत रहे साल में भारतीय महिलाओं ने अनेक क्षेत्रों में शानदार उपलब्धियां हासिल कीं, जो आधी आबादी को प्रेरणा देने वाली हैं। a

### टॉप 10 पावरफुल इंडियन वूमेन

**फुटियून इंडिया** के अनुसार 2023 में भारत की दस सबसे पॉवरफुल महिलाएं

1. निर्मला सीतारमण, भारत की फाइनेंस मिनिस्टर
2. नीता अंबानी, चेयरपर्सन रिलायंस फाउंडेशन
3. लीना नायर, फ्रेंच लक्जरी ग्रुप चैनल की पहली भारतीय मूल की सीईओ
4. फाल्गुनी नायर, सीईओ, नयका
5. गीता गोपीनाथ, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, आईएमएफ
6. माधबी पुरी बुच, सेबी की पहली महिला चेयरपर्सन
7. कली पुरी, वाइस-चेयरपर्सन, इंडिया टुडे ग्रुप
8. शोबना कमिनेनी, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, अपोलो हॉस्पिटल्स
9. अंशुला कांत, एमडी, वर्ल्ड बैंक ग्रुप
10. अपर्णा बावा, सीओओ एंड इंटरिम चीफ लीगल ऑफिसर, जूम वीडियो कम्युनिकेशंस a

वूमेन अचीवर्स-2023
माहिया

यह सही है कि टैलेंट गॉड गिफ्टेड होता है, लेकिन इसे निखारने के लिए सही माहौल और परिश्रम की भी जरूरत होती है। ऐसी ही कुछ यंग वूमेन पर्सनालिटीज के बारे में बता रहे हैं, जो अपने परफॉर्मेंस की वजह से इस वर्ष सुर्खियों में रहीं।



# लाइमलाइट में रहीं ये यंग वूमेन पर्सनालिटीज

उपलब्धियां और सफलता हासिल करने वालों की कोई निश्चित आयु सीमा नहीं होती, उनके पास केवल अपने लक्ष्य को हासिल करने का हौसला होता है। बीत रहे साल 2023 में ऐसी कई यंग वूमेन अचीवर्स अपनी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और उपलब्धियों के माध्यम से सुर्खियों में बनी रहीं। चूंकि ये यंग वूमेन अलग-अलग क्षेत्रों से संबंधित हैं, इसलिए इन्हें रैंकिंग देना सही नहीं होगा। बेहतर यही है कि बिना किसी क्रम के इनका जिक्र किया जाए और संक्षेप में इनके बारे में जाना जाए।

### अनुष्का सेन, एक्ट्रेस



**बतौर बाल** कलाकार एक्टिंग करियर में कदम रखने वालीं अनुष्का सेन में यह प्रतिभा भी है कि वे सबको हंसाना जानती हैं। इसीलिए फिल्म 'क्रेजी कुक्कड़ फैमिली' के अलावा अनेक कॉमेडी शोज का हिस्सा भी बन चुकी हैं। वे सीरियल 'बालवीर' में मेहर की भूमिका निभाने के लिए जानी जाती हैं। इसके अलावा वे अन्य धारावाहिकों जैसे 'देवों के देव...महादेव', 'हार-जीत', 'अमृत मंथन', 'यहां मैं घर-घर खेली' में अपना एक्टिंग टैलेंट दिखा चुकी हैं।

### मैथिली ठाकुर, सिंगर



**मैथिली ठाकुर** क्लासिकल प्लेबैक सिंगर हैं, जो राइजिंग स्टार टीवी रियलिटी शो में पहली रनर-अप रही थीं। केवल ग्यारह वर्ष की उम्र में सिंगिंग फील्ड में कदम रखने वाली मैथिली कई रियालिटी शो में हिस्सा लेने के अलावा अपना म्यूजिक एल्बम 'या रब्बा' भी लांच कर चुकी हैं। वह संगीत में नए-नए प्रयोग करने के लिए भी जानी जाती हैं। मैथिली और भोजपुरी भाषाओं के गायन में भी सिद्धहस्त मैथिली ठाकुर के सोशल मीडिया पर लाखों फालोवर्स हैं।

### मेलिटा टेसी, राइटर



**जब चेन्नै** (तमिलनाडु) की रहने वालीं मेलिटा टेसी की उम्र के बच्चे अपनी एकेडमिक पढ़ाई में व्यस्त थे, उसी दौरान वे किताब लिखने में लगी हुई थीं। अब बाइस वर्ष की हो चुकीं टेसी ने अपना पहला उपन्यास 'बैटल ऑफ द स्फीयर्स' केवल 13 साल की आयु में लिखना शुरू किया और 16 साल का होने पर उसे प्रकाशित भी करा दिया। एडवेंचर से भरी यह किताब, इंसान को हर कंडीशन में मजबूत बने रहने का संदेश देती है। उनकी कल्पना और लेखन शैली पाठकों को आकर्षित करती है।

### प्रियंका पॉल, आर्टिस्ट



**अपनी कला** के माध्यम से यंग आर्टिस्ट प्रियंका पॉल, महिलाओं से जुड़े पूर्वाग्रहों और बंधनों को तोड़ने का सफल प्रयास कर रही हैं। उनके बनाए चित्रों में महिला दब्बू, कमजोर और रोने वाली नहीं दिखती हैं बल्कि वास्तविक धरातल पर खड़ी आत्मविश्वास से भरी और हर मुसीबत का डट कर मुकाबला करने वाली दिखती हैं। यही वजह है कि अपने आर्टवर्क से वे सोशल मीडिया (स्पेशली इंस्टाग्राम) पर काफी पॉपुलर हैं। a

आने वाले न्यू ईयर वेलकम को सेलिब्रेट करने के लिए आप जरूर किसी पार्टी में जाएंगी या फिर अपने ही घर में पार्टी ऑर्गनाइज करेंगी। ऐसे में आपको कुछ बातों का जरूर ख्याल रखना चाहिए। इससे आपकी पार्टी तो शानदार होगी ही सब इसे खूब एंज्वॉय भी करेंगे।

# न्यू ईयर ईव पार्टी ऐसे बनाएं यादगार

सजेशन / ललिता गोयल



साल 2023 को विदा होने में अब कुछ ही दिन रह गए हैं। इन दिनों आप भी नए साल के स्वागत की तैयारियों में जुटी होंगी। न्यू ईयर ईव पार्टी को स्पेशल बनाने के लिए अगर आप अपने परिवार और दोस्तों के साथ घर से बाहर पार्टी ऑर्गेनाइज कर रही हैं या किसी दोस्त की ऑर्गेनाइज पार्टी का हिस्सा बनने जा रही हैं, तो आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। इससे आपका न्यू ईयर पार्टी सेलिब्रेशन यादगार बन जाएगा।

**वेन्यू की हो जानकारी :** पार्टी में जाने से पहले पार्टी वेन्यू की लोकेशन अच्छी तरह पता कर लें, जिससे बिना परेशान हुए आसानी से आप समय पर वहां पहुंच सकें और पार्टी एंज्वॉय कर सकें।

**ड्रेसअप का रखें ख्याल :** पार्टी में जाने से पहले होस्ट यानी मेजबान से यह जान लें कि पार्टी का वेन्यू कैसा होगा, यानी पार्टी ओपन एरिया में होगी या किसी हॉल में, उसी के अनुसार आप अपने पार्टी आउटफिट का सेलेक्शन करें। क्योंकि स्टाइलिंग और फैशनेबल दिखने की चाहत में कुछ महिलाएं ऐसी ड्रेस पहन लेती हैं, जिसमें ठंड लग सकती है। ठंड लगने से पार्टी को आप एंज्वॉय भी नहीं कर सकेंगी। अगर पार्टी का कोई ड्रेस कोड है, तो उसके अनुसार अपनी ड्रेस चूज करें।



**सभी से घुलें-मिलें :** पार्टी में सबसे अलग या अकेले ना रहें, खुद आगे बढ़कर सबके साथ घुलें-मिलें। ऐसा शो ना करें कि आप पार्टी को एंज्वॉय नहीं कर रही हैं या पार्टी अरेंजमेंट से आप संतुष्ट नहीं हैं। इससे पार्टी होस्ट या अन्य फ्रेंड्स को अच्छा फील नहीं होगा। पार्टी में गेम्स, डांस, म्यूजिक और अन्य एक्टिविटीज में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और पार्टी को पूरी तरह से एंज्वॉय करें।

**डाइट का रखें ख्याल :** न्यू ईयर पार्टी में अपने खान-पान का भी खास ध्यान रखें और अनहेल्दी फूड्स को कम से कम खाएं। अपनी सेहत को ध्यान में रखते हुए खाने का चुनाव करें। साथ ही ओवर ईटिंग करने से भी बचें।

**रूल्स फॉलो करें :** नए साल मनाने की एक्साइटमेंट में कुछ लोग कानून और नियमों को भूल जाते हैं। आप ऐसा बिल्कुल ना करें। न्यू ईयर पार्टी के दौरान सड़क पर शोर ना मचाएं, लेट नाइट ड्राइव करते समय यातायात नियमों और कानून का उल्लंघन करने से बचें। a

लघुकथा / शीला श्रीवास्तव

# नया जन्म



'पापा नए साल में क्या प्रोग्राम है?' दिव्या ने अपने पापा से पूछा।

'अरे, अभी टाइम है न, नए साल को आने में।' दिवाकर हंसते हुए बोले।

परिवार की हंसी-खुशी देखकर सीमा की आंखें नम हो गईं। छह महीने पहले का वह दृश्य उसकी आंखों के सामने नाच गया। उसे जब ऑपरेशन थिएटर ले जाया जा रहा था, उस समय पति दिवाकर कोने में खड़े आंसू बहा रहे थे। सीमा ने जब सिस्टर से उन्हें बुलाने के लिए बोला तो वह लपक कर आए। अपने आंसू पोंछते हुए बोले, 'तुम बिल्कुल भी चिंता मत करना। तुम्हें कुछ नहीं होगा।'

'पता है मुझे, आप रो क्यों रहे हैं? मैं इतना जल्दी आपका साथ नहीं छोड़ने वाली।' यह कहकर सीमा ने मुस्कुराने का असफल प्रयास किया था।

डर तो सीमा को भी लग रहा था। दूसरी बार कैंसर की गिरफ्त में जो आई थी। 'केस क्रिटिकल है।' डॉक्टर की बात सीमा ने सुन ली थी।

ऑपरेशन के सात घंटे बाद जब सीमा को होश आया तो ऐसा लगा, जैसे चमत्कार हो गया। परिवार वालों और नाते-रिश्तेदारों के चेहरे पर अप्रत्याशित खुशी देख वह अपनी सारी तकलीफ भूल गई। उसने सही सोचा कि परिवार का प्यार भरा साथ हो, भीतर आत्मशक्ति हो तो अपनी बड़ी से बड़ी पीड़ा को हराया जा सकता है, जीवन में नए सवेरे की किरणें बिखेरी जा सकती हैं।

तभी डॉक्टर साहब अपनी टीम के साथ विजिट के लिए आए, उन्होंने पूछा, 'कैसी हैं सीमा जी?'

'ठीक हूं।' सीमा धीमे स्वर में बोली।

'दो महीने बाद आपकी कीमोथेरेपी ट्रीटमेंट शुरू हो जाएगी। पिछले दफा कोविड की वजह से कीमो हम नहीं दे पाए थे। कीमोथेरेपी के बाद यह बीमारी आपको नहीं होगी। ऐसी उम्मीद हम कर सकते हैं।' डॉक्टर साहब बोले।

'उम्मीद कर सकते हैं, पक्का नहीं है?' सीमा मायूस होकर बोली।

'नाइंटी नाइन पर्सेंट पक्का।' यह कहकर डॉक्टर साहब मुस्करा दिए।

तभी बेटी दिव्या बाहर से हाथ में मिठाई का डिब्बा लेकर आई। मिठाई का डिब्बा देख डॉक्टर साहब चौंक पड़े। बेटी ने सबसे पहले डॉक्टर और उनकी टीम को मिठाई खिलाई।

'आज पहली बार देख रहा हूं कि कैंसर हॉस्पिटल में मिठाई बांटी जा रही है। देखा तो यही जाता है कि बच्चों के जन्म की खुशी में घर वाले मिठाई बांटते हैं।' डॉक्टर साहब हंसते हुए बोले।

'मेरी मम्मी का भी तो नया जन्म ही हुआ है सर!' दिव्या हंसते हुए बोली। माहौल और खुशनुमा हो गया था।

वाकई सीमा का नया जन्म ही हुआ था। अपने परिवार के अथक मेहनत-प्यार के साथ अपनी आत्मशक्ति के बल पर उसने कीमोथेरेपी जैसे जटिल प्रक्रिया से जीत हासिल की थी। बीत रहे साल के साथ उसकी असहयनीय पीड़ाएं विदा ले चुकी थीं। अब नववर्ष का उदय होता सूरज उसे नया जीवन देने के साथ नई खुशियां देने को तैयार था। a






# पूरी दुनिया को पसंद आ रहे हैं भारतीय हथियार



## 2023 में रिकॉर्ड तोड़ निर्यात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आत्मनिर्भर मिशन को मिली बड़ी सफलता, ज्यादातर चीजें, हथियारों, उपकरण भारत में ही निर्मित

इस साल भारत के डिफेंस सेक्टर ने रिकॉर्ड तोड़ा है। पिछले साल की तुलना में 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा का रक्षा निर्यात हुआ है। जिसमें बड़े हथियार से लेकर छोटे उपकरण शामिल है। इसके अलावा रक्षा उत्पादन का भी रिकॉर्ड टूटा है। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि इस साल पिछले साल की तुलना में 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा का रक्षा निर्यात हुआ है। साथ ही देश में एक लाख करोड़ रुपए का रक्षा उत्पादन हुआ है। इस साल पूरी दुनिया से एलसीए-तेजस, हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर, एयरक्राफ्ट कैरियर और अन्य चीजों की डिमांड रही। भारतीय सेनाओं को आधुनिक बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर मिशन के तहत ज्यादातर चीजों, हथियारों, उपकरणों को भारत में ही बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इससे भारत की सीमाएं सुरक्षा बढ़ी है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार वित्त वर्ष यानी 2022-23 में करीब 16 हजार करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात हुआ है। यह पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 3000 करोड़ रुपए ज्यादा है। जबकि 2016-17 की तुलना में 10 गुना ज्यादा है।

### 5 दिन तक भारत-रूस के संबंधों को नई दिशा देने चलेगी मंत्रणा

# मास्को पहुंचे विदेश मंत्री, नए अंदाज में नजर आए जयशंकर, शेयर की तस्वीरें

**एस जयशंकर का पहले नहीं देखा होगा ऐसा लुक**

*भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर आज से 5 दिनों की विदेश यात्रा पर रूस पहुंच गए हैं। रूस की राजधानी मास्को पहुंचने के बाद उन्होंने एक्स पर अपनी तस्वीर शेयर की है। जयशंकर एक नए लुक में नजर आ रहे हैं।*

## जयशंकर ऐसे वक्त पहुंचे, जब रूस-यूक्रेन युद्ध को 22 महीने बीते

एजेंसी ▶▶ मास्को

भारत के विदेश मंत्री एसजयशंकर 5 दिवसीय यात्रा पर सोमवार को रूस पहुंच गए हैं। रूस की राजधानी मास्को पहुंचने पर एक्स पर उन्होंने अपनी तस्वीर शेयर की है। वह बिलकुल नए अंदाज में नजर आ रहे हैं। इससे पहले शायद विदेश मंत्री को आपने ऐसे लुक में कभी नहीं देखा रहा होगा। रूस पहुंचने के बाद उन्होंने एक्स पर लिखा कि मास्को पहुंच गया हूं। आगे मेरे व्यस्ततम कार्यक्रमों की प्रतीक्षा करें। यानि इन 5 दिनों की रूस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री भारत और रूस बीच संबंधों को एक नई दिशा देने वाले हैं। जयशंकर ऐसे वक्त में रूस पहुंचे हैं। जब रूस-यूक्रेन युद्ध को 22 महीने बीत चुके हैं।

**जयशंकर मॉस्को के साथ ही सेंट पीटर्सबर्ग जाएंगे**

## विभिन्न द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा



### समय की कसौटी पर खरी उतरी भारत-रूस साझेदारी

रूस में विदेश मंत्री विभिन्न द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। वह आज से रूस की पांच दिवसीय यात्रा पर मास्को में हैं। जयशंकर मॉस्को के साथ ही सेंट पीटर्सबर्ग जाएंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार जयशंकर दोनों पक्षों के बीच चल रहे उच्च स्तरीय संवाद के तौर पर 25 से 29 दिसंबर तक रूस की यात्रा पर रहेंगे। मंत्रालय ने कहा कि समय की कसौटी पर खरी उतरी भारत-रूस साझेदारी स्थिर तथा लचीली बनी हुई है और विशेष व विशेषाधिकार रणनीतिक साझेदारी की भावना के साथ इसकी खासियत बनी हुई है।

### रूस है भारत का पुराना साथी

भारत के प्रधानमंत्री और रूस के राष्ट्रपति के बीच शिखर वार्ता रणनीतिक भागीदारी में उच्च स्तर का संवाद कार्यक्रम है। अभी तक भारत और रूस में बारी-बारी से 21 वार्षिक शिखर वार्ता हुई हैं। आखिरी शिखर वार्ता दिसंबर 2021 में नयी दिल्ली में हुई थी। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बावजूद भारत और मॉस्को के बीच संबंध मजबूत बने हुए हैं। कई पश्चिम देशों द्वारा नाखुशी जताए जाने के बावजूद रूस के कच्चे तेल का भारत का आयात काफी बढ़ा है। भारत ने अभी तक यूक्रेन में रूस के युद्ध की निंदा नहीं की है और वह कहता रहा है कि इस संकट को कूटनीति और संवाद के जरिए हल किया जाना चाहिए।

### भारत-रूस में इन अहम मुद्दों पर होगी बात

*विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर रूस के उप प्रधानमंत्री तथा उद्योग व व्यापार मंत्री डेनिस मांतुरोव से मुलाकात करेंगे और आर्थिक भागीदारी से जुड़े मामलों पर चर्चा करेंगे। उसने कहा कि जयशंकर रूस के अपने समकक्ष सर्गेइ लावरोव से द्विपक्षीय, बहुपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि हमारे दोनों देशों के बीच मजबूत परस्पर और सांस्कृतिक संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विदेश मंत्री के कार्यक्रम में मॉस्को और सेंट पीटर्सबर्ग भी शामिल होंगे। ऐसी जानकारी है कि दोनों पक्ष खासतौर से व्यापार, ऊर्जा, रक्षा और संपर्क के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर सकते हैं। जयशंकर की यात्रा ऐसे वक्त में हो रही है जब यह स्पष्ट हो गया है कि वार्षिक भारत-रूस नेता शिखर वार्ता इस साल भी नहीं होगी।*

### राष्ट्रपति पर लगाया चुनाव में गड़बड़ी का आरोप

# सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए सर्बिया में हजारों लोग



बेलग्रेड की ऐतिहासिक इमारत सिटी हॉल में घुसने का प्रयास करते हुए प्रदर्शनकारी

एजेंसी ▶▶ बेलग्रेड

यूरोपीय देश सर्बिया में इन दिनों सरकार विरोधी प्रदर्शन बड़े पैमाने पर हो रहे हैं। रविवार को तो प्रदर्शनकारियों ने बेलग्रेड की ऐतिहासिक इमारत सिटी हॉल में घुसने की कोशिश की।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा बलों से झड़प भी हुई। बता दें कि प्रदर्शनकारियों की मांग है कि हाल ही में हुए चुनाव को अवैध घोषित किया जाए। क्योंकि राष्ट्रपति वुसिक ने चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली की है। वहीं राष्ट्रपति वुसिक ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि प्रदर्शनकारी देश को अशांत करना चाहते हैं लेकिन वह इसमें सफल नहीं होंगे। पुलिस ने 35 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि बीते मई में भी सरकार विरोधी प्रदर्शन हुए थे।

### चुनाव को अवैध घोषित करने की मांग

सर्बिया में बीती 17 दिसंबर को आम चुनाव नतीजों का एलान किया गया था। इस चुनाव नतीजों में भी राष्ट्रपति एलेक्जेंडर वुसिक की सरकार की सत्ता में वापसी हुई। वुसिक की पार्टी सर्बियन प्रोग्रेसिव पार्टी ने 47 फीसदी वोट पाकर फिर से सत्ता हासिल की। वहीं विरोधी पार्टी सर्बिया अगेंस्ट वॉयलेंस को 23.5 फीसदी वोट मिले। अन्य सोशलिस्ट पार्टी ऑफ सर्बिया को 6.56 फीसदी वोट मिले हैं। हालांकि विपक्षी पार्टियों के समर्थक इन नतीजों से खुश नहीं हैं और चुनाव में धांधली का आरोप लगाकर चुनाव को अवैध घोषित कर दोबारा चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं।

### पर्यवेक्षकों ने भी ऐसा ही किया दावा

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि राष्ट्रपति वुसिक ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए मतपेटियों में गड़बड़ी कराई। कई अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने भी ऐसा ही दावा किया है। चुनाव नतीजे आने के बाद से ही सरकार और राष्ट्रपति वुसिक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। रविवार की शाम सैंकड़ों प्रदर्शनकारियों ने बेलग्रेड शहर की ऐतिहासिक प्रशासनिक इमारत बेलग्रेड सिटी हॉल में घुसने की कोशिश की।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

आवश्यकता है- ग्लोबल' इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में तत्काल परमानेंट भर्ती लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन कार्यानुसार 7300+ 9500+ 11000+ 13500 + 15000 बाहर के लोगों को रहना+ खाना मेडिकल फ्री मार्कशीट की फोटो कॉपी+ 2 फोटो+ बायोडाटा के साथ। **संपर्क करेः- भिलाई पावर हाउस, ओवर ब्रिज के पास लक्ष्मी मेडिकल के बाजू में (छ.ग.) मो.- 91097-99525.** (RO-6301)

### घरेलु कार्य

आवश्यकता है- तेलीबांधा ऑफिस रायपुर में काम करने ( साफ सफाई, झाड़ू पोछा आदि ) के लिए लड़की या महिला की आवश्यकता है। **मों.-91 6260-077826, 8349676913.** (RO-375)

### घरेलु/कुक कार्य

आवश्यकता है- रायपुर में गृह कार्य झाड़ू- पोछा कपड़ा बर्तन साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु शादीशुदा या अकेले पुरुषों एवं महिलाओं (जिनके बच्चे साथ में न रहते हो) की आवश्यकता है। **संपर्क करें:- 9977200093.** (RO-2147)

### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ के रायपुर और रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु 5 वी,8, 10 वी पास हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 mobile **8109070600,7869230888, 8085859632, 8839506548.** (RO-1031)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### चिकित्सा कर्मी

आवश्यकता है- प्रशिक्षित व अनुभवी स्टॉफ जी.एन. एम. व बी. एस. सी. नर्सिंग तथा रिसेप्सनिष्ट और ओ. पी. डी. स्टॉफ व वार्ड ब्वॉय, वार्ड गर्ल की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार **संपर्क करें- श्री कृष्ण हॉस्पिटल मेन रोड न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) मो. नं. 9691631006, 9617952445** (RO-1054)

### सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु 7 सेल्समेन,1 कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्राईवर-1 सभी रायपुर लोकल अनिवार्य, वेतन 8000- 20000/- + कमीशन अनुभवी को प्राथमिकता, **विरदी साड़ी कंकालीपारा रायपुर संपर्क समय 10.30 9.30, मो.,9340477419, 9425522577.** (RO-1683)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### कुक

आवश्यकता है- न्यू राजेंद्रनगर रायपुर घर में महिला कुक की आवश्यकता है। काम का समय सुबह 10 से 1 और शाम को 4 से 7 तक। वेतन योग्यता अनुसार। रहने के लिए जगह दी जा सकती है। **संपर्क करें - 8120289207, 7893045298** (RO-1055)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- होलसेल खिलौना दुकान बंजारी चौक, गोल बाजार के कार्य हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है **संपर्क करे मोबाइल नंबर:- 9827918086, 9685688086.** (RO-2366)

### पैकिंग/लेबर कार्य

आवश्यकता है- चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की जरूरत है। **संपर्क करें एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 7469980000, 07714075490.** (RO-1049)

### ड्रायवर

आवश्यकता है- रायपुर एयरपोर्ट में इनोवा क्रिस्टा स्विफ्ट। चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। सैलरी क्रिस्टा- 25000, स्विफ्ट- 15000, + PF+ ESI+ पेंशन, संपर्क करें राहुल ट्रेवल्स रायपुर एयरपोर्ट मोबाइल 7399411411. (RO-3670)

### मिस्त्री/मैकेनिक

आवश्यकता है- JCB 3DX मशीन, AJAX सीमेंट कंक्रीट मिक्सर मशीन, वाइब्रो रोलर, मेंटेनेंस कार्य हेतु, मिस्त्री, मैकेनिक, इंजीनियर, और JCB, AJAX मशीन चलाने हेतु ड्राइवर ऑपरेटर चाहिए। **सम्पर्क- बिलासपुर 9669211111, 9827175811, 8602111111.** (RO-3127)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### हेल्पर

आवश्यकता है- फैक्ट्री मे बिस्कुट पैकिंग काम करने हेतु , रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रूम सुविधा उपलब्ध है **पता बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर संपर्क - 7828735534.** (RO-1058)

### टेक्निशियन

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 6, सर्विस टेक्निशियन 2, Telecaller 2 (अनुभव आवश्यक नहीं) **संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.** (RO-2359)

### सेल्स/स्टोर कीपर

आवश्यकता है- स्टेशनरी दुकान में कार्य करने हेतु सेल्स, स्टोर कीपर, एवं कंप्यूटर हेतु लड़कियों की आवश्यकता है **कार्य का समय प्रातः 10:30 से रात्रि 9:00 बजे तक पता- लक्ष्मी सेल्स लिंक- 1 के के रोड विनार बाग के बाजू जयस्तंभ चौक रायपुर** (RO-1051)

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- CG, MP, UP में ऑफिस कार्य हेतु 10वीं, 12वीं, स्नातक लड़के चाहिए सैलेरी 10000+ कमीशन+ बोनस + रेल किराया+ आवास, ट्रेनिंग पश्चात 15000 से 20000 **सम्पर्क- सरकंडा बिलासपुर 8871422576, 8827688865.** (RO-32296)

आवश्यकता है- आगरा, मथुरा उत्तर प्रदेश के आफिस में कार्य हेतु अविवाहित लड़के चाहिए उम्र 18 से 28, 10वीं, 12वीं पास। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र **सम्पर्क करें- 8057110319.** (RO-32270)

क्लासीफाईड

### ड्राई क्लीनर कार्य

आवश्यकता है- मुकुन्द ड्राई क्लीनर एवं लाउन्ड्री कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार **पता- चांदनी चौक कोटा रायपुर (छ.ग.) मो. 9993247475** (RO-1056)

### इंजीनियर

REQUIRED- HIRING FRESHER ENGINEERS (MECH/ELECT/OTHER RELEVANT BRANCH), FOR INDUSTRIAL ENERGY AUDIT WORK. THE JOB OFFERS IMMENSE OPPORTUNITY AND PREPARATION TO QUALIFY AS CERTIFIED ENERGY AUDITOR SEND YOUR RESUME . MO.- 83196-53798. (RO-6311)

### सुपरवाइजर

आवश्यकता है- बिल्डिंग निर्माण कार्य पाटन व सोमनी राजनांदगांव में सड़क निर्माण कार्य हेतु बी.ई/डिप्लोमा सिविल इंजीनियर व सुपरवाइजर (युवक) की आवश्यकता है, 5 साल अनुभवी को प्राथमिकता। **के.पी. मिश्रा कन्स्ट्रक्शन पताः-महाराजा चौक, डी-15, आदर्शनगर, दुर्ग 7869877505, 7000343771.** (RO-373)

### मजदूर

आवश्यकता है- रायपुर आरंग के पास स्थित सुव्यवस्थित पोल्ट्री फॉर्म में रहकर काम करने वाले मजदूर परिवार वालों एवं उड़ीसा के मजदूरों को प्राथमिकता **संपर्क करे मोबाइल नंबर:- 9200193001, 7999648072.** (RO-2364)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### पैकिंग कार्य

आवश्यकता है- पैकिंग कार्य हेतु लडको एवं शादीशुदा महिला की आवश्यकता है सैलेरी योग्यतानुसार **शीतला एजेंसी न्यू बस स्टैंड भंटागांव चौक रायपुर 9300629026, 9300229026** (RO-1682)

### सुरक्षा कर्मी

आवश्यकता है- एक रजिस्टर्ड संस्था को भारी मात्रा में सुरक्षा कर्मियों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार ऑफिस **जुनवानी रोड ईदगाह चौक सुपेला भिलाई दुर्ग** mo no **9039003559, 8359047172** (RO-376)

### अन्य

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे Sms Job करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां,स्टूडेंट, रिटायर्ड पर्सन कमाए ( 21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त **नाम पता** Whatsapp **करें 9631550466.** (RO-6670)

आवश्यकता है- Airtel 4G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के, लड़कियों , गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें** - 07903284986.(RO-6664)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घरबैठे कमाए (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ़्त ) NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL / SMS / WHATSAPP **करें** :- 8695963713. (RO -1306)

छोटा विज्ञापन

आवश्यकता है- नववर्ष नौकरी सुनहरा अवसर आयुवेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें- लड़कियाँ हाउस वाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं अपना रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग ही कॉल/ WHATSAPP करें) NOC -2150/- **मों. 8583047417.** (RO-1307)

आवश्यकता है- Fraud कॉल से सावधान Reliance jio 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घरबैठे Sms Job करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां, कमाए ( 21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नामपता Whatsapp करें **6296026501.** (RO-6680)

## Education शिक्षण

फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार- ओपन प्राईवेट द्वारा 10वीं,12वीं निश्चित सफलता के साथ पास करें B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC,MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech,(* अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करें*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्कः-** Bharti Education Academy , Sector-6 Bhilai Mo.- **9826196515, 9826896515.** (RO न.- 6308)




## Purchase खरीदना

### आरा मील

खरीदना है- आरा मील लायसेंस सहित खरीदना है। बेचने वाले **संपर्क करें- 8827746933.** (RO-1059)

## Business व्यापार

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट APS **इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर 9993444253, 8359913999, रायगढ़- 7869755871.**(RO-2284)

## Astrology ज्योतिष

राजगुरू ज्योतिष - जन्मपत्रिका, हस्तरेखा, मंगलदोष, लक्ष्मीयोग, जमीनलाभ, शादीयोग, मनचाहा प्यार, नौकरी प्रमोशन, नशामुक्ति, पति-पत्नी झगड़ा किया कराया प्यार में धोखा, वशीकरण तलाक मार्ग दर्शन के लिए फोन करके मिले A TO Z समस्याओं का समाधान **पताः- ब्राह्मण पारा आजाद चौक रायपुर मोबाइल नंबरः- 8889131176.** (RO-1048)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152




Healthcare

**ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद**



- गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन ।
- शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना ।
- लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी ।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी ।
- आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें ।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
- निःसंतान दम्पत्ति आज ही मिले ।

आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

**सोरियासिस (Psoriasis)**

बिना रोगी को देखे मोबाईल से फोटो भेजकर दवा बेचने वालो से फोन द्वारा दवा मंगाने से कुछ नही होगा कोई समस्या हो जाये तो किसको कहां कहने जायेंगे। चिकित्सा के समय डॉक्टर के निगरानी में रहना जरूरी होता है। सावधान। सोरियासिस लाईलाज एक जटिल रोग है इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूरी चिकित्सा है ही नही। यह वात, पीत कफ तीनों की विकृती त्रिदोषज अर्थात इम्यून डिसऑर्डर रोग है। इसमे वायरस बैक्टीरिया दोनो नही है। सिर के रूसी का भ्रम, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले, दाग, नाखूनो का सड़ना उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ो में सूजन-दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है। इसमें कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया से रोग नहीं जाता दब जाता है इससे कईयों के लीवर एवं किड़नी खराब हो गये और कई लोग हाईबीपी के शिकार हो गये यदि सफेद दाग (ल्यूकोडमा) एवं समस्त लाईलाज चमड़ी रोगों से परेशान हो।

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी. अग्रवाल (एम.डी.)
भारत चिकित्सा रत्न व राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरूस्कार, नेशनल एवार्ड से सम्मानित
मो. 9425555659, 9617789223
डॉ. वी.के. अग्रवाल (बीएएमएस)
(आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ) रजि.न. 00255
मो. 9303948500
निशांत अग्रवाल (फार्मासाईटिस्ट)
मो. 9303242200
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने, बजाज (गोल्ड) फाईनेंस के पीछे दुर्ग (छ.ग.)
समय - शाम 4 बजे से 7 बजे।
अपाईंटमेंट फोन से (गुरूवार अवकाश)

## जैकेट के शेष

### अयोध्या में...

है। अयोध्या के लिए छत्तीसगढ़ से सीधी उड़ान की घोषणा नहीं की गई है और लखनऊ यहां का नजदीकी विमानतल है। इसके साथ बड़ी संख्या में यात्री दिल्ली होकर भी अपनी यात्रा पूरी करेंगे। अयोध्या में बन रहे विशाल मंदिर में 22 जनवरी को भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर छत्तीसगढ़ में भी विशेष उत्साह है और अक्षत कलश के माध्यम से लोगों को समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा जा रहा है। माना जा रहा है, छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या जाकर समारोह में शामिल होंगे। इसके लिए वहां तक की यात्रा के लिए अभी से टिकटों की बुकिंग का दौर शुरू हो गया है। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक अभी रायपुर से अयोध्या के लिए सीधी उड़ान की घोषणा नहीं की गई है, इसलिए लोगों को नजदीकी एयरपोर्ट अथवा दूसरे शहर होते हुए अपनी यात्रा पूरा करनी होगी। अयोध्या से लखनऊ की दूरी डेढ़ सौ किलोमीटर से कम है इसलिए लोग यहां के लिए संचालित एकमात्र फ्लाइट में टिकटों की बुकिंग करवा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक सामान्य दिनों में रायपुर-लखनऊ का किराया साढ़े चार से पांच हजार के बीच रहता है, मगर अभी से प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की नजदीकी तारीख का किराया 8500 से दस हजार के बीच हो गया है। आने वाले दिनों में सीटें सीमित होने की वजह से इसका किराया और बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा है। अजय ट्रैवल्स के संचालक रमन जादवानी ने बताया कि लखनऊ के अलावा यात्री दिल्ली, मुंबई जाकर अयोध्या की अपनी यात्रा पूरी करेंगे।

### अक्टूबर में बंद हुई...

इसके लिए किसी तरह की घोषणा नहीं की गई है। ट्रैवल्स सूत्रों के मुताबिक एकमात्र नियमित फ्लाइट को काफी संख्या में यात्री मिलते थे। इसके माध्यम से वाराणसी और अयोध्या जाने के लिए यात्रा की जाती थी।

### गोवा का किराया...

एयरलाइंस कंपनी द्वारा सीधी फ्लाइट का संचालन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में यात्री सफर कर रहे हैं। नए साल के प्रथम सप्ताह के बाद इसका किराया सामान्य हो जाने की उम्मीद है।

### किसानों के खाते में...

**किसानों से मुख्यमंत्री ने की बात :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वीडियो क्रांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों के किसानों से सीधे चर्चा की। उन्होंने पूछा कि अभी अभी जो आपके खाते में बोनस के पैसे डाले गए, वो आपके खाते में पहुंचे की नहीं। महासमुंद जिले के किसान रामपाल ने बताया, उन्हें 23 हजार 280 रुपए का बोनस मिला। बालोद जिले के तमोरा ग्राम के किसान बिशेसर राम साहू ने बताया कि मुझे 89 हजार 640 रुपए धान बोनस मिला। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लखपति दीदी योजना के हितग्राहियों को चेक और सर्टिफिकेट वितरित किया। साथ ही किसानों को कृषि एटीएम का भी वितरण किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्टाल का अवलोकन किया और इन स्टाल में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से चर्चा भी की। कार्यक्रम को अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू ने भी संबोधित किया। इस मौके पर आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस मौके पर कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## वाहनों का रेला...



जयपुर। राजस्थान में क्रिसमस और नए साल के जश्न के दौरान पर्यटक सोमवार बड़ी चौपड़ पर ऐतिहासिक हवा महल को देखने के लिए पहुंचे। इस दौरान चारों तरफ वाहनों का रेला नजर आया।

## मंत्रिमंडल गठन में देरी पर गहलोत ने भाजपा पर निशाना साधा

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंत्रिमंडल गठन में देरी को लेकर सोमवार को राज्य की नवगठित भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लोगों में निराशा फैलने लगी है और शासन व्यवस्था ठप हो गयी है। गहलोत ने 'एक्स' पर कहा, ''जनता में अब



निराशा व्याप्त होने लगी है क्योंकि राजस्थान की जनता ने तीन दिसंबर को भाजपा को स्पष्ट जनादेश दिया, पर 22 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक मंत्रिमंडल का गठन नहीं हुआ है, जिससे शासन संचालन में ठहराव की स्थिति आ गई है। हर विभाग भी असमंजस की स्थिति में है।'' भाजपा सूत्रों ने बताया कि एक-दो दिन में मंत्रिमंडल गठन की उम्मीद है।

## पेज एक के शेष

### कोहरे ने बदला विमानों का रास्ता...

से नौ बजे के बीच उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया। अधिकारी ने बताया कि कुल सात उड़ानों का मार्ग बदल कर उन्हें राजस्थान के जयपुर और एक को गुजरात के अहमदाबाद की ओर मोड़ा गया। सोमवार को सुबह दिल्ली के वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में मामूली सुधार देखा गया। सुबह नौ बजकर पांच मिनट पर एक्यूआई 393 था। रविवार को पिछले 24 घंटे का एक्यूआई 411 था।

**यहां रही जीरो विजिबिलिटी :** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने पैसेंजर्स को सलाह दी कि वे अपनी फ्लाइट्स की उड़ान कन्फर्म करने के बाद ही एयरपोर्ट आएं। मौसम विभाग के मुताबिक राजधानी दिल्ली और पालम एयरपोर्ट के अलावा पंजाब के अमृतसर, उत्तर प्रदेश के आगरा और प्रयागराज, मध्य प्रदेश के ग्वालियर, राजस्थान के जैसलमेर में जीरो विजिबिलिटी दर्ज की गई।

**श्रीनगर से उड़ानों में देरी :** श्रीनगर में सुबह साढ़े आठ बजे कोहरा छाए रहने के कारण दृश्यता 91 मीटर थी। श्रीनगर हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में खराब दृश्यता के कारण दिल्ली से कुछ उड़ानों में देरी हुई है।

### सिंधिया का दबदबा...

है। मोहन के कैबिनेट विस्तार में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बेहद करीबी माने जाने वाले भूपेंद्र सिंह को इस बार जगह नहीं मिली है। शिवराज सरकार में वित्त मंत्री रहे जयंत मलैया भी अब विधायक बन कर रह गए हैं।

### इन्हें मिली जगह...

गोविंद सिंह राजपूत, विश्वास सारंग, निर्मला भूरिया, नारायण सिंह कुशवाहा, नागर सिंह चौहान, प्रद्युम्न सिंह तोमर, राकेश शुक्ला, चैतन्य कश्यप और इंदर सिंह परमार ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली। वहीं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर, धर्मेंद्र भाव लोधी, दिलीप जयसवाल, गौतम टेटवाल, लाखन पटेल और नारायण सिंह पवार हैं। अधिकारी ने बताया कि राज्य मंत्री पद की शपथ लेने वाले विधायकों में नरेंद्र शिवाजी पटेल, प्रतिमा बागरी, दिलीप अहिरवार और राधा सिंह शामिल हैं। यादव के मंत्रिमंडल में दो कैबिनेट रैंक संपतिया उइके और निर्मला भूरिया तीन राज्य मंत्री कृष्णा गौर, प्रतिमा बागरी और राधा सिंह समेत कुल पांच महिलाओं को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री (मोहन यादव) और दो उपमुख्यमंत्रियों (राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा) सहित मंत्रिमंडल की कुल संख्या अब 31 हो गई है।

### इलेक्ट्रो होम्योपैथी में ....

होगा। परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षार्थियों की योग्यता इस प्रकार तय की गई है। प्रमाणपत्र कोर्स के लिए 10वीं या 12वीं पास होना चाहिए। डिप्लोम कोर्स के लिए 10वीं या 12वीं पास या फेल होना चाहिए। डीईएमएस के लिए 10वीं या 12वीं पास, बीईएमएस के लिए 12वीं पास, मास्टर डिप्लोमा के लिए बैचलर उसी पद्धिति से पास होना चाहिए।

## राजस्थान : दो सड़क हादसों में छह लोगों की मौत, चार अन्य घायल

**जयपुर।** राजस्थान के बाड़मेर और अजमेर जिलों में सोमवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गयी जबकि चार अन्य लोग घायल हो गये। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बाड़मेर जिले में सोमवार सुबह घने कोहरे के कारण दो वाहनों की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस के अनुसार दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-68 पर धोरीमन्ना टोल प्लाजा के पास हुई। तनोट माता मंदिर (जैसलमेर) से दर्शन कर लौट रहे गुजरात के चार दोस्तों की कार सोमवार सुबह घने कोहरे के कारण दूसरे वाहन से टकरा गई। उन्होंने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि कार आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे में तीन की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन का पता लगाने के लिए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज वह खंगाल रही है। धोरीमन्ना थाने के मुख्य आरक्षक केशाराम ने बताया कि मृतकों की पहचान विष्णु (50), जितिन (48) और जिग्नेश कुमार (50) के रूप में हुई है।

## एडीआर के डेटा व चुनाव आयोग से मिली जानकारी

# रुपये-पैसों के मामले में भाजपा इंडिया अलायंस से काफी आगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 की रणभेदी बज चुकी है। सभी दलों ने चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के आधिकारिक ऐलान से पहले ही अपनी जमीनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इंडिया गठबंधन और एनडीए दोनों तरफ से ही सीट शेयरिंग, कैंपेन स्ट्रेटजी से लेकर फंड रेजिंग तक पर काम चल रहा है। इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े दल कांग्रेस पार्टीने 'डोनेट फॉर देश' नाम से ऑनलाइन क्राउड फंडिंग कैंपेन भी शुरू कर दिया है। एनडीए खासतौर पर बीजेपी अपने सभी प्रतिद्वंदियों से 2019 में सीटों के मामले में काफी आगे रही। रुपये-पैसों के मामले में भी बीजेपी के नेतृत्व वाला गठबंधन इंडिया अलायंस से काफी आगे है।

■ लोकसभा चुनाव 2024 की बज चुकी है रणभेदी



### लगातार बढ़ रही बीजेपी की इनकम

साल 2018-19 से साल 2021-22 तक विभिन्न दलों द्वारा चुनाव आयोग को दी गई जानकारी के अनुसार, सालाना इनकम के मामले में इंडिया गठबंधन 2020-21 को छोड़कर हर बार एनडीए से पीछे रहा। साल 2018-19 और 2019-20 में इंडिया गठबंधन एनडीए के आसपास भी नहीं ठहर रहा था। साल 2021-22 में इंडिया गठबंधन कमाई के मामले में एनडीए से 156 करोड़ रुपये पीछे था।साल 2018-19 में इंडिया गठबंधन की कमाई का 70% हिस्सा कांग्रेस का है। चुनाव आयोग के समक्ष 2021-22 में की गई घोषणा के अनुसार, यह आंकड़ 30% कम होकर 541.3 करोड़ रुपये पर आ गए। साल 2021-22 में इनकम के मामले में बड़ी पार्टियों में टीएमसी (545.7 करोड़ रुपये), डीएमके (318.7 करोड़ रुपये), सीपीआई (एम) – (162.2 करोड़ रुपये), जेडीयू (86.6 करोड़ रुपये), समाजवादी पार्टी (61 करोड़ रुपये) और आम आदमी पार्टी (44.5 करोड़ रुपये) हैं। बात अगर एनडीए की करें तो यहां बीजेपी सबसे ज्यादा कमाने वाली पार्टी है।

### संपत्तियों के मामले में कौन आगे

बात अगर संपत्ति की करें तो, यहां भी एनडीए इंडिया गठबंधन से आगे हैं। साल 2018-2019 में इंडिया गठबंधन एनडीए के करीब था। इसके बाद एनडीए ने काफी आसानी से हर साल उसे पीछे छोड़ा। साल 2018-19 से साल 2021-22 के बीच एनडीए ने अपनी संपत्ति को डबल किया जबकि इंडिया गठबंधन की संपत्ति सिर्फ 28% बढ़ पाई। इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के बीच सबसे ज्यादा संपत्ति कांग्रेस पार्टी के पास है। साल 2018-19 में कांग्रेस के पास इंडिया गठबंधन की कुल संपत्ति का 36.9% (928.8 करोड़) था। यह साल 2021-22 में घटकर 25% (805.7 करोड़) रह गया। संपत्ति के मामले में इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य बड़े दल CPI(M) – 735.8 करोड़ रुपये, समाजावादी पार्टी- 568.4 करोड़ रुपये, टीएमसी- 458.1 करोड़ रुपये, डीएमके – 399.1 करोड़ रुपये, जेडीयू – 168.9 करोड़ रुपये है।

## हाफिज सईद की पार्टी ने उतारे उम्मीदवार

**लाहौर।** मुंबई के 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के एक नए राजनीतिक संगठन ने पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव के लिए अधिकतर राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का संस्थापक सईद आतंकी वित्तपोषण मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद से प्रतिबंधित जमात-उद-दावा (जेयूडी) से जुड़े कुछ अन्य नेताओं के साथ 2019 से ही जेल में है। सईद ने पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) नाम से एक अलग राजनीतिक दल बनाया है। पीएमएमएल का चुनाव चिन्ह 'कुर्सी' है।

## 370 हटने से हुई कश्मीर की अभूतपूर्व प्रगति : राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद जम्मू-कश्मीर के विकास में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। जम्मू-कश्मीर के एक युवा प्रतिनिधिमंडल को यहां संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और स्थानीय प्रशासन केंद्र शासित प्रदेश के लोगों की प्रगति के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के युवा भारत की मुख्यधारा का हिस्सा बनकर अपने सपनों को पूरा करना चाहते हैं। मुर्मू ने कहा, ''लेकिन आज भी कुछ तत्व निहित स्वार्थ के कारण नहीं चाहते कि कश्मीर आगे बढ़े।'' उन्होंने कहा कि जिस तरह से सरकार जम्मू-कश्मीर की प्रगति के लिए बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी और शिक्षा में निवेश कर रही है, वह दिन दूर नहीं जब जम्मू-कश्मीर भारत में प्रगति का आदर्श पेश करेगा। 'वतन को जानो' कार्यक्रम के तहत देश का दौरा कर रहे प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि 'वतन को जानो' कार्यक्रम का उद्देश्य उन्हें देश की कला, संस्कृति, सभ्यता और विकास कार्यों से अवगत कराना है।



## उपराष्ट्रपति के पत्र का जवाब दिया कांग्रेस अध्यक्ष ने

## खड़गे ने सभापति की भूमिका निष्पक्षता पर खड़े किए सवाल



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उपराष्ट्रपति सह राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखा है। उन्होंने मुलाकात के निमंत्रण पर अपने जवाब में कहा, वह उनसे नहीं मिल पाएंगे क्योंकि वह इस समय दिल्ली से बाहर हैं। खड़गे ने संसद से सामूहिक निलंबन को जनता की आवाज दबाने का प्रयास बताते हुए सभापति की भूमिका और निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े किए।

### सरकार का रवैया निरंकुश और अहंकारी

खड़गे ने अपने पत्र में कहा, सत्तारूढ़ पार्टी सांसदों के निलंबन को 'लोकतंत्र को कमजोर करने, संसदीय प्रथाओं को नष्ट करने और संविधान का गला घोंटने' का हथियार बना चुकी है। उन्होंने कहा कि सभापति का पत्र 'दुर्भाग्य से संसद के प्रति सरकार के निरंकुश और अहंकारी रवैये को उचित ठहराता है।'

सभापति धनखड़ को लिखे पत्र में खड़गे ने कहा, सभापति सदन का संरक्षक होता है और उसे सदन की गरिमा बनाए रखने, संसदीय विशेषाधिकारों की रक्षा करने और संसद में बहस, चर्चा और उत्तर के माध्यम से अपनी सरकार को जवाबदेह रखने के लोगों के अधिकार की रक्षा करने में सबसे आगे रहना चाहिए।

**LOST & FOUND**

lost black bag with RBI Original documents, Bank Passbook, Pan Card & Aadhar Card With some accessories lost it at my home Place nagri to Bus Stand nagri Road. finder Will be suitable rewarded.

-: Contact :-
**Somnath Dewangan Nagri**
**Mobile Number 94242 36884**

**छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल**
**ऑफिस कॉम्पलेक्स, ब्लॉक ए. प्रथम तल, एकात्म पथ, अटल नगर, रायपुर**
ईमेल - secretaryboc@gmail.com, phone No. 0771-2971063

**// वाहन नीलामी (विक्रय) सूचना //**

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, अटल नगर, नवा रायपुर के वाहनों का विक्रय किया जाना है। विवरण निम्नानुसार

| क्र. | विवरण | वाहन क्रमांक | मॉडल | संख्या | निर्धारित दर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TATA zest xms 90ps (BS_IV) (Petrol) | CG 02 7377 | 2017 | 1 | 28,000/- |
| 2 | TATA XMS RT 90PS (White) | CG 02 0017 | 2015 | 1 | 29,000/- |
| 3 | Maruti CIAZ VXI (White) | CG 02 6833 | 2016 | 1 | 33,000/- |
| 4 | TATA SUMO (ARCTIC WHITE) | CG 02 4447 | 2010 | 1 | 90,000/- |

उपरोक्त सरल क्रमांक 04 के वाहन क्र. CG 02 4447 TATA SUMO (ARCTIC WHITE) का अवलोकन श्रम पदाधिकारी, जिला महासमुन्द, यूनियन बैंक के बाजू, वार्ड क्र. 01, शंकर नगर, रायपुर रोड महासमुन्द में एवं शेष वाहनों का अवलोकन ऑफिस कॉम्पलेक्स, सेक्टर-24 ब्लॉक ए, अटल नगर, नवा रायपुर में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है। वाहन की निविदा फार्म क्रय करने हेतु मंडल कार्यालय में राशि रूपये 200/- नगद जमा कर प्राप्त कर सकते है। निविदा की नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पटल पर अथवा विभागीय वेबपोर्टल cglabour.nic.in पर भी अवलोकन कर सकते है ।

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| निविदा विक्रय की प्रारंभ तिथि | 27.12.2023 | कार्यालयीन समय |
| निविदा विक्रय की अंतिम तिथि | 16.01.2024 | शाम 05 बजे तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 17.01.2024 | दोपहर 12 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 17.01.2024 | दोपहर 02 बजे से |

(सचिव महोदया द्वारा अनुमोदित)

वरिष्ठ लेखाधिकारी
छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, नया रायपुर

S -39187/1

## राशिफल

**मेष** – किसी विदेशी कारोबार के लिए भाग-दौड़ बढ़ सकती है। विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

**वृष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। लाभ के मौके मिलेंगे।

**मिथुन** – मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। सुखद समाचार मिलेगा।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। तरक्की के योग हैं।

**सिंह** – बातचीत में संयत रहें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** – नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** – शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** – मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**धनु** – मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। पिता का साथ मिलेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आए के नए स्रोत बनेंगे।

**कुंभ** – किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। निवेश लाभप्रद रहेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**मीन** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। किसी प्राप्टी में निवेश कर सकते हैं।

## रूस के लड़ाकू विमान और ड्रोन मार गिराए: यूक्रेन

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन की वायुसेना ने सोमवार को कहा कि उसने बीती रात दो क्रूज मिसाइलों और 28 'शाहेद' ड्रोन के साथ रूस के दो लड़ाकू विमानों को मार गिराया। खबर में कहा गया कि हमले यूक्रेन के दक्षिणी और मध्य क्षेत्रों को निशाना बनाकर किए गए थे, जिनमें किसी के हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है। इसमें कहा गया कि रूस की तरफ से कुल 31 ड्रोन भेजे गए, लेकिन जिन तीन ड्रोन को नहीं गिराया जा सका, उन्होंने किस चीज़ पर हमला किया, इसका विवरण नहीं दिया गया। यूक्रेन ने सोमवार को क्रिसमस मनाया, पहली बार देश ने आधिकारिक तौर पर सात जनवरी की बजाय 25 दिसंबर को छुट्टी मनाई है। रूस सहित कुछ ऑर्थोडॉक्स ईसाई देश सात जनवरी को क्रिसमस मनाते हैं।

## शब्द पहेली - 5375



**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -5374 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | ■ | म | ■ | प | र | दा | न | शी |
| पू | ■ | क | ल | श | ■ | छ | बी | ल | ■ | त |
| त | ल | ■ | ■ | व | ■ | ता | ■ | ■ | सा | ल |
| ■ | ल | ■ | धा | रा | प्र | वा | ह | ■ | व | ■ |
| म | क | ब | रा | ■ | था | ■ | म | हा | न | ता |
| ■ | ■ | ■ | वा | दा | ■ | मा | स | ■ | ■ | ■ |
| ह | म | रा | ही | ■ | पा | ■ | फ | र | मा | न |
| ■ | यू | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | य | ■ |
| ख | र | ■ | ■ | थी | ■ | र | ■ | ■ | का | न |
| प | ■ | ब | र | खा | ■ | ना | र | द | ■ | य |
| त | र | स | खा | ना | ■ | मा | ■ | म | न | न |

## सूडोकु नवताल - 5385

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5384 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## खबर संक्षेप

### खाद्य पदार्थों की कीमत नियंत्रित करेगी सरकार



नई दिल्ली। मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र ने खाद्य पदार्थों की खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के लिए पिछले कुछ साल में कई सक्रिय कदम उठाए हैं। सरकार देश की आर्थिक वृद्धि सुनिश्चित करते हुए मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखेगी। वह यहां राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### सॉफ्टबैंक ने फर्स्टक्राई में 31 करोड़ डॉलर के शेयर बेचे




नई दिल्ली। विभिन्न कारोबारों से जुड़े जापानी समूह सॉफ्टबैंक ने खुदरा दुकानें चलाने वाली फर्स्टक्राई में 31 करोड़ डॉलर मूल्य के शेयर बेचे हैं। यह शेयर ऐसे समय बेचे गये हैं, जब कंपनी इस सप्ताह आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए बाजार नियामक सेबी के पास विवरण पुस्तिका जमा करने वाली है। फर्स्टक्राई में 630 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे हैं।

### एफपीआई ने इस माह किया 57300 करोड़ का निवेश




नई दिल्ली। एफपीआई ने राजनीतिक स्थिरता की संभावनाओं को देखते हुए इस महीने अब तक भारतीय शेयर बाजारों में 57,300 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। इसके पीछे भारत की आर्थिक वृद्धि में मजबूती दर्शाने वाले आंकड़ों और अमेरिकी बांड प्रतिफल में लगातार गिरावट होने की भी अहम भूमिका रही है।

### बाजार पूंजीकरण में रिलायंस सबसे आगे




नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच बीते सप्ताह देश की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से तीन का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 70,312.7 करोड़ रुपये बढ़ गया जिनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे आगे रही। पिछले सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर लाभ की स्थिति में रहीं।

# रिलायंस व डिजनी ने मिलाया हाथ, देश की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी लेगी जन्म

## मुकेश अंबानी और वॉल्ट डिजनी के बीच नॉन-बाइंडिंग एग्रीमेंट साइन किया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सबसे अमीर शख्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी ने एंटरटेनमेंट जगत का सबसे बड़ा सौदा हथिया लिया है। इसके सौदे के पूरा हो जाने के बाद रिलायंस भारत की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी बन जाएगी। रिलायंस और वॉल्ट डिजनी के बीच एक नॉन-बाइंडिंग एग्रीमेंट साइन किया गया है। इसके तहत वॉल्ट डिजनी के भारतीय कारोबार का 51 फीसदी रिलायंस का हो जाएगा।

- वॉल्ट डिजनी के भारतीय कारोबार का 51 फीसदी रिलायंस का हो जाएगा

एंटरटेनमेंट बिजनेस का यह सबसे बड़ा मर्जर फरवरी, 2024 तक पूरा हो सकता है। रिपोर्ट में बताया गया कि मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस को इसमें 51 फीसदी हिस्सेदारी मिलेगी और 49 फीसदी हिस्सा डिजनी का होगा। इस मर्जर में कैश और स्टॉक्स दोनों शामिल हैं। इसके पूरा होने के साथ ही रिलायंस-डिजनी देश की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी बन जाएगी।

### जिओ सिनेमा और डिजनी हॉटस्टार में चल रही थी टक्कर

इस मर्जर में जियो सिनेमा को भी शामिल किया गया है। इसके पास आईपीएल के ऑनलाइन राइट्स हैं। इससे पहले यही राइट्स डिजनी हॉटस्टार के पास थे। इस सेक्टर में अंबानी को टक्कर डिजनी से ही मिल रही थी। आईपीएल के ऑनलाइन राइट्स जाने के बाद से ही डिजनी हॉटस्टार के यूजर्स घटने लगे थे।




### अमेजन प्राइम, नेटफ्लिक्स, जी और सोनी की चिंता बढ़ेगी

आरआईएल और वॉल्ट डिजनी के मर्जर से जी नेटवर्क, सोनी टीवी, अमेजन प्राइम और नेटफ्लिक्स को सीधी टक्कर मिलेगी। मौजूदा समय में आरआईएल की जिओ कई ऐप्स के और वियाकॉम18 के साथ मीडिया एवं एंटरटेनमेंट सेक्टर में मौजूद है।

### अगले महीने हो सकता है ऐलान

इस मर्जर का ऐलान अगले महीने की शुरुआत में हो सकता है। प्रस्ताव के तहत, किसी भी नकद और स्टॉक स्वैप लेनदेन के पूरा होने के बाद डिजनी भारतीय कंपनी में माइनॉरिटी शेयर जरूर रखेगी।

### भारतीय कारोबार को बेचना चाहती थी डिजनी

रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी 2023 से ही डिजनी अपने भारतीय कारोबार को बेचने या ज्वाइंट वेंचर के लिए किसी भारतीय कंपनी को पार्टनर बनाने की कोशिश में जुटी थी। डिजनी के कई टीवी चैनल और हॉटस्टार स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म भी है। मर्जर के बाद दोनों कंपनियां पार्टियां मिलकर 1 से 1.5 अरब डॉलर तक का निवेश कर सकती है।

## सरकार ने अपनी निजीकरण की कार्रवाई लगभग रोक दी

# आम चुनाव से पहले विनिवेश हुआ धीमा, वर्ष 2023-24 का लक्ष्य फिर चूकने की आशंका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम चुनाव नजदीक आने के साथ ही सरकार ने अपनी निजीकरण की कार्रवाई लगभग रोक दी है और अब शेयर बाजारों में अल्पांश हिस्सेदारी बेचने का विकल्प चुना है। कुछ चुनिंदा घरानों को हिस्सेदारी बेचने के विपक्षी दलों के आरोपों के बीच सरकार ने यह कदम उठाया है।

हालांकि, इसके परिणामस्वरूप चालू वित्त वर्ष 2023-24 के विनिवेश लक्ष्य से फिर चूकने की आशंका है। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एससीआई) और कॉनकॉर जैसी बड़ी निजीकरण योजनाएं पहले से ही ठंडे बस्ते में हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सार्थक निजीकरण अप्रैल/मई के आम चुनाव के बाद ही हो सकता है।

### आईपीओ व ओएफएस से 10049 करोड़ एकत्र

चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 51,000 करोड़ रुपये की बजट राशि में से करीब 20 प्रतिशत यानी 10,049 करोड़ रुपये आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) और ओएफएस (बिक्री पेशकश) के माध्यम से अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री के जरिए एकत्र किए गए।

### कुल 11 लेनदेन लंबित हैं

कुल मिलाकर करीब 11 लेनदेन हैं जो वर्तमान में डीआईपीएएम (निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग) में लंबित हैं। वहीं राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल), कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (कॉनकॉर) और एआई एसेट होल्डिंग लिमिटेड (एआईएएचएल) की अनुषंगी कंपनियां जो अब निजीकृत एयर इंडिया की पूर्व अनुषंगी कंपनियां का स्वामित्व रखती हैं... इन्हें आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) की 'सैद्धांतिक' मंजूरी पहले ही मिल चुकी है, लेकिन डीआईपीएएम द्वारा ईओआई (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) आमंत्रित नहीं किए गए हैं।



- अब शेयर बाजारों में अल्पांश हिस्सेदारी बेचने का चुना विकल्प
- विपक्ष ने कुछ चुनिंदा घरानों को हिस्सेदारी बेचने का लगाया आरोप
- बीपीसीएल, एससीआई और कॉनकॉर जैसी बड़ी निजी योजनाएं ठंडे बस्ते में

### विभाजन की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं

एससीआई, एनएमडीसी स्टील लिमिटेड, बीईएमएल, एचएलएल लाइफकेयर और आईडीबीआई बैंक सहित कई केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) की रणनीतिक बिक्री चालू वित्त वर्ष में पूरी होने वाली है। हालांकि, अधिकांश सीपीएसई के संबंध में मुख्य एवं गैर-प्रमुख परिसंपत्तियों की विभाजन की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हुई है और वित्तीय बोलियां आमंत्रित करने में देरी हुई है।

### पीएसयू हिस्सेदारी की बिक्री कम रही

2021-2022 की तुलना में 2023 में प्रमुख पीएसयू हिस्सेदारी बिक्री की संख्या कम रही है। श्रीवास्तव ने कहा, 'विस्तारित नियामक प्रक्रियाओं, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, कुछ क्षेत्रों में निजीकरण का राजनीतिक विरोध और 2024 के आम चुनाव से पहले सरकारी प्राथमिकताओं में बदलाव सहित विभिन्न कारकों के कारण विनिवेश की प्रवृत्ति में हाल ही में गिरावट देखी गई है।'

### पीएसयू की बिक्री की गति धीमी हुई

रेटिंग एजेंसी फिच ने इस महीने की शुरुआत में अनुमान लगाया था कि मौजूदा नरेन्द्र मोदी प्रशासन के 2024 में चुनाव के बाद सत्ता में दोबारा लौटने की 'सबसे अधिक संभावना' है। शोध संस्थान 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत में पीएसयू (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) की हिस्सेदारी की बिक्री की गति हाल ही में धीमी हो गई है।

# अदाणी ग्रीन एनर्जी का सेकी से सौर बिजली आपूर्ति समझौता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश की प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी (एजीईएल) ने 1,799 मेगावाट सौर ऊर्जा की आपूर्ति के लिए सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) के साथ बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं।

- अदाणी ग्रीन 1799 मेगावाट ऊर्जा की आपूर्ति करेगी
- कंपनी को जून, 2020 में सेकी से यह अनुबंध मिला था

अदाणी ग्रीन एनर्जी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस पीपीए पर हस्ताक्षर के साथ कंपनी ने 8,000मेगावाट के विनिर्माण-संबद्ध सौर निविदा के तहत बिजली आपूर्ति का समझौता पूरा कर लिया है। कंपनी को जून, 2020 में सेकी से यह अनुबंध मिला था। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमित सिंह ने बयान में कहा, 'अदाणी ग्रीन एनर्जी न केवल देश में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लक्ष्य की दिशा में बल्कि आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण में भी योगदान दे रही है।' सिंह ने कहा, हमें सबसे बड़े हरित पीपीए को पूरा करने और एक भरोसेमंद ऊर्जा परिदृश्य को साकार करने में खुशी हो रही है। भारत के वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हरित ईंधन क्षमता हासिल करने के लक्ष्य के अनुरूप अदाणी ग्रीन 45 गीगावाट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध है।


यह हमारी मौजूदा परिचालन क्षमता का पांच गुना है। कंपनी ने सेकी की विनिर्माण से जुड़ी सौर पीवी निविदा की प्रतिबद्धताओं को पूरा किया है।

### अदाणी ग्रीन के पास मुंद्रा सोलर के 26 फीसदी शेयर

अदाणी ग्रीन के पास अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अदाणी रिन्यूएबल एनर्जी होल्डिंग फोर लिमिटेड के माध्यम से मुंद्रा सोलर एनर्जी लिमिटेड के 26 प्रतिशत शेयर हैं।

# इनक्रेड यूनिकॉर्न प्रौद्योगिकी कंपनी बनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




वित्त-प्रौद्योगिकी कंपनी इनक्रेड वित्तपोषण के नए दौर में छह करोड़ डॉलर का वित्त जुटाने के साथ ही यूनिकॉर्न कंपनियों के विशेष समूह में शामिल हो गई है। एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाली नई कंपनियों को यूनिकॉर्न की श्रेणी में रखा जाता है। इनक्रेड ने एक बयान में कहा कि वित्तपोषण के सीरीज-डी दौर में उसने नए एवं मौजूदा निवेशकों से छह करोड़ डॉलर जुटाने में सफलता हासिल की है। इस तरह कंपनी का कुल मूल्यांकन 1.04 अरब डॉलर हो गया है।

- छह करोड़ डॉलर का वित्तपोषण जुटाने में रही सफल
- कंपनी का कुल मूल्यांकन 1.04 अरब डॉलर हो गया

इसके साथ ही इनक्रेड यूनिकॉर्न का दर्जा पाने वाली इस साल की दूसरी कंपनी बन गई है। इनक्रेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी भूपिंदर सिंह ने कहा, 'यह वित्तपोषण हमारे सफर में एक खास मुकाम रखता है और हमें यूनिकॉर्न के दर्जे तक ले जाता है। हम अपने निवेशकों से मिले समर्थन के लिए आभारी हैं।' वित्तपोषण के इस दौर की अगुवाई एमईएमजी के रंजन पई ने 90 लाख डॉलर के साथ की।

### आरपी ग्रुप व डॉयचे बैंक ने किया निवेश

आरपी ग्रुप के चेयरमैन रवि पिल्लई ने 54 लाख डॉलर और डॉयचे बैंक में प्रमुख (निश्चित आय एवं मुद्रा) ने भी 12 लाख डॉलर का निवेश किया है।

## नाबार्ड तीन दिवसीय कृषि प्रदर्शनी आयोजित करेगा



नई दिल्ली। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) 50 से अधिक किसान-उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए तीन दिवसीय कृषि प्रदर्शनी आयोजित करेगा। नाबार्ड ने एक बयान में कहा कि दिल्ली हाट में आयोजित होने वाली प्रदर्शनी में 21 राज्यों के एफपीओ की भागीदारी होगी। बयान के अनुसार प्रदर्शनी में भारत सरकार की 10,000 एफपीओ की प्रमुख योजना के तहत नाबार्ड और लघु किसान कृषि व्यवसाय गठजोड़ द्वारा समर्थित एफपीओ शामिल होंगे, जो जैविक और मोटा अनाज आधारित कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करेंगे। नाबार्ड ने बयान में कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य भारत के कृषि परिदृश्य को बदलने में एफपीओ के अविश्वसनीय प्रयासों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालना है।

# छोटे शेयर 2023 में दलाल स्ट्रीट की बने पहली पसंद




नई दिल्ली। छोटे शेयर 2023 में दलाल स्ट्रीट की पहली पसंद बने रहे। देश के बेहतर आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों और भारी खुदरा निवेशकों की भागीदारी से इक्विटी बाजार के लिहाज से 2023 एक लाभप्रद वर्ष साबित हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि शेयर बाजारों में लंबे समय से तेजी का दौर जारी है। मिडकैप और स्मॉलकैप खंड अपने बड़े समकक्षों से आगे निकल रहे हैं। इस साल 22 दिसंबर तक बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 13,074.96 अंक या 45.20 प्रतिशत का आया, जबकि मिडकैप सूचकांक 10,568.18 अंक या 41.74 प्रतिशत चढ़ा। वहीं इस अवधि में बीएसई का 30 शेयर वाले सूचकांक सेंसेक्स में 10,266.22 अंक या 16.87 प्रतिशत की तेजी आई। इस साल 20 दिसंबर को स्मॉलकैप सूचकांक 42,648.86 अंक के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया और उसी दिन मिडकैप सूचकांक भी 36,483.16 अंक के अपने रिकॉर्ड शिखर पर पहुंच गया।

- शेयर बाजार में लंबे समय से तेजी का दौर जारी है
- मिडकैप और स्मॉलकैप खंड अपने बड़े समकक्षों से आगे निकल रहे

### बाजार ने नई ऊंचाई देखी

कोटक ने इक्विटी बाजार के लिहाज से 2023 को एक 'बड़ा वर्ष' करार दिया। उन्होंने कहा, 'हमने व्यापक भागीदारी के साथ नई ऊंचाई देखी है।' विशेषज्ञों का मानना है कि 2023 में भारी तेजी के बाद निकट अवधि में छोटे शेयरों में सुधार आ सकता है।


## बिजनेस साइट

# सुमीत बाजार का 'गुड बाय' ऑफर, निश्चित खरीदी पर आकर्षक उपहार




रायपुर। न्यू ईयर के मद्देनजर सुमीत बाजार में 'गुड बाय' ऑफर की पेशकश की गई है जिसमें ग्राहक एक निश्चित खरीदी करने पर मात्र 1 रुपए और देकर शानदार उपहार के हकदार होंगे। साथ ही सुमीत बाजार से शॉपिंग कर सुमीत ग्रुप की उपहार योजना 'शॉपिंग उत्सव' में शामिल हो सकेंगे, जिसमें 10 करोड़ से अधिक के उपहार है। यही नहीं इस योजना के मिनी ड्रॉ में टाटा नेक्सन कार, ओला बाइक जैसे बड़े उपहार भी जीते जा सकेंगे। सुमीत बाजार में शॉपिंग पर दिए जा रहे गुड बाय ऑफर की बात करें तो 599 रुपए की खरीदी करने पर एक रुपए और देकर उपहार में बांडेड कुशन कव्हर पा सकते हैं जिसका बाजार मूल्य 149 रुपए से ज्यादा का है। इसी तरह 999 रुपए की खरीदी पर 1 रुपए में ब्रांडेड पॉवर एडाप्टर, स्टीरियो हेडफोन, एलईडी लैंप मिलेगा। 2199 रुपए की खरीदी पर लैपटॉप बैग विथ पाउच, 3999 रुपए की खरीदी पर एक्सपोर्ट क्वालिटी की चद्दर, 6999 रुपए की खरीदी पर ब्रांडेड डबल बेड बेडशीट और 15,999 रुपए की खरीदी पर एक रुपए में ट्राली डफल बैग व ब्रांडेड डेस्कटॉप ऑडियो के साथ नाइट लैंप में उपहार में मिल रहा है। 25,999 रुपए की खरीदी पर एक रुपए में 12399 रुपए से ज्यादा मूल्य का ट्रेवल सेट उपहार में मिल रहा है। यह ऑफर केवल 31 दिसंबर, 2023 तक खरीदी पर लागू है। सुमीत बाजार के संचालकों के मुताबिक यहां की गई एक खरीदारी ग्राहकों को दो बार इनाम और साथ में पांच कूपन पर फ्री गिफ्ट भी है। इस तरह डबल धमाका ऑफर के तहत 25 दिसंबर से 31 दिसंबर, 2023 तक की गई शॉपिंग आपके लिए यादगार हो सकती है।

# क्रिसमस के मौके पर बंद रहा शेयर बाजार



नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार के लिए साल 2023 के अंतिम सप्ताह की शुरुआत छुट्टी के साथ हुई है। सोमवार 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर प्रमुख शेयर बाजार जैसे बीएसई और एनएसई में कारोबार स्थगित रहा। बाजार में मंगलवार से सामान्य कारोबार शुरू होगा। बीएसई की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, सोमवार को क्रिसमस के उपलक्ष्य में बाजार बंद रहा। इस कारण इक्विटी सेगमेंट, इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट और सिक्योरिटी लेंडिंग एंड बॉरोइंग सेगमेंट में कोई कारोबार नहीं हुआ।

### अब 4 दिनों का ही कारोबार

अगर शनिवार और रविवार को जोड़ दें तो दिसंबर महीने में शेयर बाजार की कुल 11 दिनों की छुट्टी है। साल के आखिरी सप्ताह में बाजार में 4 दिन का ही कारोबार होने वाला है, क्योंकि साल के अंतिम दो दिनों में शनिवार और रविवार के चलते बाजार बंद रहने वाला है। इस तरह अंतिम सप्ताह में बाजार की तीन-तीन छुट्टियां पड़ रही हैं।

# अब तक तीन करोड़ हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में गेहूं बुवाई



नई दिल्ली। पिछले साल गेहूं पकने के समय लू के कारण नुकसान का सामना करने के बाद, इस बार ज्यादातर किसान जलवायु अनुकूल गेहूं किस्मों की खेती कर रहे हैं। यह नई किस्म बुवाई के कुल रकबे के 60 प्रतिशत से अधिक हिस्से में बोई गई हैं। कृषि आयुक्त पी के सिंह के अनुसार जलवायु अनुकूल गेहूं की बुवाई का रकबा अब तक तीन करोड़ 8.6 लाख हेक्टेयर है। गेहूं रबी (सर्दियों) की मुख्य फसल है, जिसकी बुवाई आम तौर पर नवंबर में शुरू होती है और कटाई मार्च-अप्रैल में की जाती है।

# एसआर हॉस्पिटल चिखली में शुरू हुआ पैरामेडिकल कोर्स



भिलाई। दुर्ग जिले के सबसे बड़े निजी चिकित्सालय एसआर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर चिखली धमधा रोड दुर्ग में छग शासन के पैरामेडिकल कोर्स शुरूआत हो चुके है। अस्पताल प्रबंधन को छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग के अधिनस्थ छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल द्वारा पैरामेडिकल पाठ्यक्रम संचालन करने की अनुमति प्रदान की गई है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अनापत्ति प्रदान करने के पश्चात छग पैरामेडिकल काउंसिल द्वारा विधिवत अनुमति दी गई है।

पैरामेडिकल कोर्स के संबंध में जानकारी देते हुए अस्पताल के मेडिकल सुप्रीटेंडेन्ट व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एसपी केसरवानी ने बताया कि छग शासन के पैरामेडिकल काउंसिल द्वारा एसआर हॉस्पिटल को पैथालॉजी लैब टेक्निशियन, एक्स-रे टेक्निशियन, ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन कोर्स में प्रशिक्षण प्रदान करने की अनुमति दी गई है। जिसमें पैथालॉजी लैब टेक्निशियन की 20 सीटें व एक्स-रे टेक्निशियन की 30 सीटें व ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन की 30 सीटें है। इस प्रकार दुर्ग संभाग में एसआर हॉस्पिटल में छग पैरामेडिकल कोर्स के लिए सर्वाधिक 80 सीटें है।

# बाल कैंसर रोगियों के लिए बालको मेडिकल सेंटर में 'स्माइल 2023' समारोह



रायपुर। बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने अपने वार्षिक कार्यक्रम 'स्माइल 2023' का आयोजन किया। जो कैंसर पीड़ित बच्चों और कैंसर से पूरी तरह निजात पा चुके बच्चों के साहस, शक्ति और मनोबल को बढ़ाने के लिए समर्पित है। इस उत्सव का आयोजन बीएमसी के परिसर में हुआ, जिसमें 50 से अधिक कैंसर पीड़ित बच्चें और उनके परिजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों के अनुभव को यादगार बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जिसमें एक गेम जोन, रोगियों और बच्चों के लिए उपहार और विशेष सांता क्लॉज द्वारा बच्चों के लिए उपहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आगे स्वास्थ्य कैंसर रोगियों और अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन भी किया गया। बालको मेडिकल सेंटर की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही ने कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए सहायता समूह बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर साल हम इन अद्भुत बच्चों को एक छत के नीचे लाते हैं ताकि ये कैंसर से पीड़ित अन्य बच्चों के लिए नियमित जीवन जीने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरणा बन सकें।

कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों से बात करते हुए उन्होंने कहा कैंसर को रोका जा सकता है और इलाज किया जा सकता है। रोग होने की प्रक्रिया के दौरान सकारात्मक और आशावादी बने रहना बहुत महत्वपूर्ण है।

## इसे भारतीय स्टार्टअप की सबसे बड़ी छंटनी बताया जा रहा

# पेटीएम में 10 फीसदी कर्मचारियों की हुई छंटनी, होगा शेयरों पर असर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिनटेक स्टार्टअप पेटीएम एक बार फिर से गलत कारणों से चर्चा में है। ऐसी खबरें आ रही हैं कि पेटीएम ने एक बार फिर से अपने कर्मचारियों को कंपनी से बाहर करने का फैसला लिया है। खबरों के अनुसार, पेटीएम ने इस छंटनी में अपने कुल कर्मचारियों के करीब 10 फीसदी हिस्से की छुट्टी कर दी है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने इस बार 1000 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की है। सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि ये छंटनी पिछले कुछ महीने के भीतर हुई है और इसमें पेटीएम की विभिन्न यूनिट के कर्मचारी शिकार हुए हैं। बताया जा रहा है कि पेटीएम ने यह छंटनी अपनी कॉस्ट कम करने के लिए और अपने विभिन्न व्यवसायों को नए सिरे से व्यवस्थित करने के लिए की है।

- आरबीआई के एक्शन का पेटीएम पर हुआ सीधा असर




### भारतीय स्टार्टअप की सबसे बड़ी छंटनी

पेटीएम की इस छंटनी में उसके कुल वर्कफोर्स के करीब 10 फीसदी हिस्से पर असर पड़ा है। इसे किसी भी भारतीय स्टार्टअप में अब तक की हुई सबसे बड़ी छंटनी में से एक माना जा रहा है। स्टार्टअप कंपनियों के लिहाज से 2023 भी ठीक साल नहीं साबित हुआ है। इस साल भारतीय स्टार्टअप ने पहली तीन तिमाहियों में 28 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की। इससे पहले साल 2022 में स्टार्टअप कंपनियों ने 20 हजार से ज्यादा और 2021 में 4 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की थी। फिनटेक सेक्टर में देखें तो जेस्टमनी इस महीने के अंत तक बंद होने वाली है।

### दबाव में शेयरों का प्रदर्शन

शेयर बाजार में भी कंपनी लगातार संघर्ष कर रही है। पिछले एक महीने के दौरान पेटीएम के शेयरों में करीब 28 फीसदी की गिरावट आई है। बीते 6 महीने में इसका भाव 23 फीसदी से ज्यादा डाउन है। दिसंबर महीने के शुरुआती दिनों में तो पेटीएम स्टॉक को 20 फीसदी के लोअर सर्किट का भी सामना करना पड़ा है। अब छंटनी की खबरें सामने आने के बाद शेयरों पर और बुरा असर होने की आशंका है।

### आरबीआई के एक्शन का असर

पेटीएम की बात करें तो उसके लिए बुरी खबरों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इससे पहले रिजर्व बैंक ने अनसिक्योर्ड लोन पर नियामकीय सख्तियां की, जिसका असर पेटीएम पर भी हुआ। आरबीआई के एक्शन के बाद पेटीएम ने स्मॉल टिकट कंज्यूमर लेंडिंग और बाय नाउ, पे लेटर बिजनेस को बंद करने का फैसला लिया। ऐसा बताया जा रहा है कि ताजी छंटनी में इन दोनों सेगमेंट के कर्मचारी सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।

## खबर संक्षेप



### भारतीय टीम में जगह बनाने पर नजर

**नई दिल्ली।** युवा फारवर्ड ज्योति छेत्री के लिए हाल का स्पेन दौरा अनुभव हासिल करने के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण रहा और अब उनकी नजर अगले साल रांची में होने वाले एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह बनाने पर है। उन्नीस वर्षीय ज्योति वेलेंसिया में खेले गए पांच देशों के टूर्नामेंट में भारतीय टीम का हिस्सा थी। इससे पहले वह जूनियर टीम का अहम हिस्सा रह चुकी है। इस साल महिला जूनियर एशिया कप में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### कमिंस ने ख्वाजा का समर्थन किया

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने सोमवार को अपने साथी उस्मान ख्वाजा का समर्थन करते हुए कहा कि इस सलामी बल्लेबाज का गाजा में मानवीय दुर्दशा को सामने लाने का प्रयास 'आक्रामक नहीं' है। क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था आईसीसी ने ख्वाजा के पाकिस्तान के खिलाफ 'बॉक्सिंग डे' टेस्ट के दौरान अपने बल्ले और जूते पर जैतून के पेड़ की शाखा पकड़े काले 'डव' का स्टिकर लगाने की मांग खारिज कर दी थी। आईसीसी ने पर्थ में आस्ट्रेलिया की पाकिस्तान पर 360 रन की जीत के दौरान ख्वाजा को काली पट्टी बांधने के लिए फटकार लगायी थी।



### दूसरे टेस्ट मैच में खेलेंगे स्पिनर साजिद

**कराची।** पाकिस्तान के टीम प्रबंधन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार से मेलबर्न में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के लिए विशेषज्ञ ऑफ स्पिनर साजिद खान को टीम में रखने का फैसला किया है। पाकिस्तान के टीम प्रबंधन ने इस मैच के लिए 12 खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है लेकिन सूत्रों के अनुसार साजिद का खेलना तय है। उनके अलावा पाकिस्तान तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगा जबकि सलमान अली आगा पांचवें गेंदबाज की भूमिका निभाएंगे। साजिद को अबरार अहमद के कवर के रूप में टीम में शामिल किया गया था लेकिन वह पहले टेस्ट मैच में नहीं खेले थे।



### पीएचएफ को निलंबित करेगा एफआईएच

**कराची।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ निलंबित कर सकता है क्योंकि कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर द्वारा पीएचएफ के नए अध्यक्ष की नियुक्ति को उनके पूर्ववर्ती खालिद सज्जाद खोकर ने चुनौती दी है। खोकर 2015 से पाकिस्तान हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हैं। उन्होंने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह अपनी बर्खास्तगी और मीर तारिक हुसैन बुगाटी के नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति को चुनौती देंगे।

### विजय अभियान जारी रखने उतरेगा ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न।** पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित ऑस्ट्रेलिया मंगलवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी घरेलू धरती पर पाकिस्तान के खिलाफ पिछले 15 मैच से चले आ रहे विजय अभियान को आगे बढ़ाने का प्रयास करेगा। पाकिस्तान नवंबर 1995 के बाद ऑस्ट्रेलिया में कोई टेस्ट मैच नहीं जीत पाया है और मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाले अगले मैच से पहले वह खिलाड़ियों की चोटिल होने की समस्या से जूझ रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में 360 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी और दूसरे मैच में भी वह जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा।

**रोहित के पास टेस्ट सीरीज जीतकर इतिहास रचने का मौका**

**मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर दोपहर 1.30 बजे**

# 'अंतिम किला' फतह करने उतरेगा भारत, 31 साल से द.अफ्रीका में नहीं जीत सका श्रृंखला

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

वनडे विश्व कप के फाइनल में 36 दिन पहले मिली हार की निराशा को भुलाकर भारतीय टीम अब दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला जीतने के अपने 31 साल के इंतजार को खत्म करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला मंगलवार से शुरू होगी।

यह 1992 से लेकर अब तक भारत की दक्षिण अफ्रीका में नौवीं टेस्ट श्रृंखला होगी, लेकिन अभी तक वह इस देश में एक भी श्रृंखला नहीं जीत पाया। यही वजह है कि हमेशा की तरह वर्तमान श्रृंखला को भी रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के लिए 'अंतिम किला' कहा जा रहा है। लेकिन सुपरस्पोर्ट पार्क में होने वाले मैच के पहले दो दिन भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है।

### इनको मिली नाकामी

वनडे विश्व कप में रोहित शर्मा के पास कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी की बराबरी करने का मौका था लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार के कारण वह विश्व विजेता कप्तान नहीं बन पाए। अब उनके पास दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला जीतने वाला पहला भारतीय कप्तान बनने का मौका है और वह इसे हाथ से नहीं जाने देंगे। दक्षिण अफ्रीका में मोहम्मद अज़हरुद्दीन (1992), सचिन तेंदुलकर (1996) और सौरव गांगुली (2001) की कप्तानी में भारत को नाकामी हाथ लगी। राहुल द्रविड़ (2006-07), धोनी (2010-11 और 2013-14) और विराट कोहली (2018-19 और 2021-22) ने टेस्ट मैच जीते लेकिन कोई भी टीम श्रृंखला नहीं जीत पाई।



### भारत के युवाओं की कड़ी परीक्षा

तेंबा बावुमा की अगुवाई वाले दक्षिण अफ्रीका के पास कुछ अच्छे तेज गेंदबाज हैं जो भारत के युवा बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की असली परीक्षा कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन और गेराल्ड कोएत्ज़ी जैसे गेंदबाजों के सामने होगी। इसी तरह से उपमहाद्वीप की पिचों पर खुद को साबित करने वाले शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जैसे बल्लेबाजों को अधिक चुनौती पूर्ण परिस्थितियों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। शॉर्ट पिच गेंद अय्यर की कमजोरी मानी जाती रही हैं और उन्हें इससे पार पाने के लिए कुछ खास करना होगा।"



**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, प्रसिद्ध कृष्णा, केएस भरत (विकेटकीपर), अभिमन्यु ईश्वरन (दूसरा टेस्ट)।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्कराम, टोनी डी जोरज़ी, डीन एल्गर, कीगन पीटरसन, काइल वेरिन, ट्रिस्टन स्टब्स, नांद्रे बर्गर, मार्को यानसन, वियान मुल्डर, गेराल्ड कोएत्ज़ी, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, डेविड बेडिंघम।

# भारतीय महिला वनडे टीम के नए चेहरे ऑस्ट्रेलिया को देंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक और टिटास साधु को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए सोमवार को पहली बार भारतीय महिला एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया। भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलेगी। पहला वनडे मैच 28 दिसंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा।

बाएं हाथ की स्पिनर कश्यप को इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए टीम में लिया गया था लेकिन उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। श्रेयंका ने इस महीने के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। सैका इशाक ने पहले महिला प्रीमियर लीग में मुंबई की टीम की तरफ से अच्छा प्रदर्शन किया था। तीन वनडे मैचों की श्रृंखला के सभी मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाएंगे। दूसरा मैच 30 दिसंबर जबकि तीसरा और अंतिम मैच दो जनवरी को खेला जाएगा। इसके बाद नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम 5, 7 और 9 जनवरी को तीन मैचों की टी20 श्रृंखला की मेजबानी करेगा।



**एकदिवसीय टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा, हरलीन देयोल।

**टी20 टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा, मिन्नू मणि।

## राष्ट्रीय खिताब अच्छा प्रदर्शन करने के लिए करेगा प्रेरित



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अपने प्रतिभाशाली छोटे भाई लक्ष्य सेन के साए में जीने के बाद चिराग सेन आखिर में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पुरुष एकल का खिताब जीतने में सफल रहे और उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। लक्ष्य सेन कभी राष्ट्रीय चैंपियनशिप नहीं जीत पाए लेकिन उनके बड़े भाई चिराग ने रविवार को फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त एम थारुन को 21-14 13-21 21-9 से हराकर गुवाहाटी में राष्ट्रीय खिताब जीता। कीनिया अंतरराष्ट्रीय चैलेंज 2020 का खिताब जीतने वाले चिराग ने कहा, 'राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब थोड़ी देर से मिला लेकिन आखिर में इस जीत से मैं बहुत खुश हूं। पिछले तीन-चार महीनों से मैं अच्छा प्रदर्शन कर रहा हूं लेकिन अब यह ट्रॉफी जीतने में सफल रहा।

# पंड्या फिट, सूर्यकुमार को ग्रेड 2 टियर इंजरी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद भारतीय क्रिकेट टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैच की टी20 सीरीज खेलनी है। इस सीरीज में भारत का कप्तान कौन होगा ये बड़ा सवाल है। दरअसल, हाल ही में कुछ रिपोर्ट्स सामने आई थी जिसमें दावा किया गया था कि हार्दिक पांड्या वर्ल्ड कप 2023 के दौरान लगी चोट के चलते अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के अलावा आगामी आईपीएल 2024 से भी बाहर हो सकते हैं।

एक सूत्र ने हार्दिक पांड्या की इंजरी को लेकर कहा 'वह अपने टखने की चोट से पूरी तरह ठीक हो गए हैं। वह हर दिन ट्रेनिंग कर रहे हैं। हार्दिक फिट और ठीक हैं। वह रोजाना वर्कआउट कर रहे हैं। उनके आईपीएल से बाहर होने की जो भी बातें चल रही हैं, वे महज अफवाह हैं।

वहीं सूत्र ने सूर्यकुमार यादव को लेकर कहा 'सूर्यकुमार को टखने की चोट से उबरने में छह से सात हफ्ते लगेंगे। उन्हें ग्रेड 2 टियर इंजरी हुई है। वह फिलहाल ब्रेक पर हैं और अगले हफ्ते बेंगलुरु में एनसीए को रिपोर्ट करेंगे।' सूर्या और संभवतः हार्दिक के अनुपलब्ध होने के कारण, चयनकर्ताओं को रोहित शर्मा से टी20 टीम की अगुवाई के लिए पूछा जा सकता है। हालांकि एक विकलप रविंद्र जडेजा भी हो सकते हैं जिन्हें साउथ अफ्रीका दौरे पर टी20 टीम का उप-कप्तान बनाया गया था।

# अराफात ने बने पीसीबी के 'हाई परफार्मेंस' कोच

एजेंसी ▶▶| कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व ऑलराउंडर यासिर अराफात को न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम का 'हाई परफॉर्मेंस कोच' नियुक्त किया है। यासिर लंदन से लाहौर पहुंचेंगे और पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम में शामिल खिलाड़ियों के साथ न्यूजीलैंड के लिए रवाना होंगे जहां 12 जनवरी से पांच मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी।

पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने पहले ही न्यूजीलैंड में टी20 श्रृंखला के लिए 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इस श्रृंखला को अगले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आईसीसी विश्व कप की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। पीसीबी के सूत्रों के अनुसार यासिर साइमन हेल्मुट की जगह लेंगे, जो ऑस्ट्रेलिया में चल रही टेस्ट श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टीम के हाई परफॉर्मेंस कोच हैं।



### रेफरी समिति के साथ बैठक करेंगे एआईएफएफ अध्यक्ष

*नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे देश में 'रेफरिंग' की स्थिति की समीक्षा करने के लिए रेफरी समिति और मुख्य रेफरी अधिकारी ट्रेवर केटल के साथ 31 दिसंबर को बैठक करेंगे। रेफरियों का मूल्यांकन करने वाली टीम के सदस्य भी इस बैठक में भाग लेंगे जिसमें भविष्य के लिए योजना तैयार की जाएगी। एआईएफएफ ने कहा, 'एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे रेफरी समिति के सदस्यों, एआईएफएफ के मुख्य रेफरी अधिकारी ट्रेवर केटल और इसका मूल्यांकन करने वाली टीम के सदस्यों के साथ 31 दिसंबर को समीक्षा बैठक करेंगे जिसमें भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी।'*

# ओलंपिक कोटा हासिल करना लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा

राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज जैसमीन लम्बोरिया की निगाहें पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने पर लगी हैं जिसके लिए वह मानसिक मजबूती बढ़ाने के साथ अपने मुक्कों को दमदार करने पर भी ध्यान लगा रही हैं। एशियाई खेलों में पदार्पण के दौरान जैसमीन ने 60 किग्रा वर्ग का पहला दौर दबदबा बनाते हुए जीता लेकिन क्वार्टरफाइनल में रैफरी ने उन्हें चेतावनी दी जिसके बाद वह समझ नहीं सकीं कि वापसी कैसे की जाए और रैफरी ने मुकाबला रोककर प्रतिद्वंद्वी को विजेता घोषित किया।

जैसमीन ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में अपना क्वार्टर फाइनल जीतने के बाद कहा, 'मुझे चेतावनी दी गई थी, मुझे पहली बार 'काउंटिंग' मिली। मैं इसे संभाल नहीं सकी। इसलिए इस तरह के हालात में वापसी का तरीका जानना बहुत महत्वपूर्ण होता है जो मैं नहीं कर सकी।' इस जीत से उन्हें पदक के अलावा पेरिस ओलंपिक कोटा भी मिल गया होता।



### फीफा ने दी ब्राजील को निलंबित करने की धमकी

एजेंसी ▶▶| रियो डी जनेरियो

विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फ्रीफा ने ब्राजील को चेतावनी दी है कि अगर उसकी फ्रुटबॉल संस्था के हस्तक्षेप के कारण जनवरी में नए अध्यक्ष का चुनाव होता है तो वह उसकी राष्ट्रीय टीमों और क्लबों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से निलंबित कर सकता है। फीफा ने ब्राजील फुटबॉल परिसंघ को पत्र लिखकर कहा है कि अगर उसने इंतजार करने की उसकी अपील पर ध्यान देने के बजाय एडनाल्डो रोड्रिग्स की जगह नए अध्यक्ष का चयन करने के लिए चुनाव कराने में जल्दबाजी दिखाई तो उसे निलंबन का सामना करना पड़ सकता है। रियो डी जनेरियो की एक अदालत ने पिछले साल फ्रुटबॉल संस्था के चुनाव में अनियमितताओं के कारण रोड्रिग्स और सीबीएफ में उनके द्वारा नियुक्त सभी लोगों को सात दिसंबर को पद से हटा दिया था।

## भारोत्तोलन : आठ से 13 साल के बच्चे होंगे शामिल

# यूपी से शुरू होगा नई मीरा को ढूंढने का अभियान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश को नई मीराबाई चानू देने के लिए भारतीय भारोत्तोलन संघ और साई मिलकर पहली बार एक अनोखा अभियान चलाने जा रहे हैं। दोनों मिलकर आठ से 13 साल के बच्चों का प्रतिभा तलाशो अभियान शुरू करने जा रहे हैं, जिसकी शुरुआत यूपी के मोदीनगर से हो रही है।

- भारोत्तोलन संघ और साई का प्रतिभा तलाशो अभियान

इस अभियान के तहत न तो भार उठाना पड़ेगा और न ही कंपटीशन के लिए जूझना होगा। बच्चों की फिटनेस और उनकी शारीरिक बनावट, ढांचा परखा जाएगा और चयनित बच्चों को साई सेंटर में 2032 और 2036 के ओलंपिक के लिए तैयार किया जाएगा। यह प्रतिभा तलाशो अभियान मीराबाई के कोच और द्रोणाचार्य अवॉर्डी प्रशिक्षक विजय शर्मा की अगुवाई में चलाया जाएगा।



### स्कूल, ग्राम प्रधान सांसद तक जुड़ेंगे


विजय के मुताबिक कई विदेशी विशेषज्ञों से बातचीत के बाद आठ से 13 साल के बच्चों को तलाशने का अभियान शुरू करने का फैसला भारोत्तोलन संघ ने लिया। 12 से 14 जनवरी को मोदीनगर में इसकी शुरूआत की जाएगी। इसके बाद इसे यूपी के पूर्वांचल, पश्चिम यूपी में छेड़ा जाएगा। इसके बाद इसे मणिपुर, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में चलाया जाएगा। इस अभियान में स्कूलों, ग्राम प्रधानों से लेकर सांसदों और विधायकों को भी जोड़ा गया है। ये सभी प्रतिभा ढूंढने में मदद करेंगे और इन्हें अभियान तक लेकर आएंगे।

### शुरुआत में डंडे से कराया जाएगा अभ्यास

बच्चों के चयन के बाद उन्हें साई की ओर से ट्रेनिंग सेंटर में रखा जाएगा। इस दौरान उन्हें बांस के डंडे से अभ्यास कराकर उन्हें तकनीकि रूप से दक्ष किया जाएगा। विजय बताते हैं कि इस दौरान अपनी गई तकनीकि जीवन भर नहीं बदलती है। 10 वर्ष से अधिक उम्र हो जाने के बाद बच्चों को थोड़ा-थोड़ा भार उठाने के लिए दिया जाएगा। यह अभियान लड़के और लड़कियों दोनों के लिए चलाया जा रहा है।

### प्रशिक्षकों की समिति बनी

विजय के मुताबिक संघ और साई ने इस अभियान के लिए प्रशिक्षक अलकेश बरुआ, एल अभिलाष और सुखमेंद्र चौधरी की एक समिति भी बनाई है। वह खुद इस अभियान से गंभीरता से जुड़ेंगे।



हर साल की तरह इस साल भी वर्ष 2023 को बिदा होने में तथा नए साल 2024 को आने में कुछ समय बचा है। क्रिसमस का जश्न मनाने के लिए लोकप्रिय चीजों में लाल टोपी और ट्री के अलावा एडवेंट कैलेंडर भी शामिल है। यह एक ऐसा विशेष कैलेंडर होता है, जो दिसंबर महीने की शुरुआत से क्रिसमस तक की गणना करता है।

# दुनिया का सबसे महंगा एडवेंट कैलेंडर, कुछ तो खास होगा तब है 83 करोड़ कीमत

**नई दिल्ली।** वैसे तो बाजारों में यह कैलेंडर 100 रुपये के आसपास मिल जाता है, लेकिन स्विट्जरलैंड में एक परिवार के लिए कलाकार डेबी विंगम ने कस्टम एडवेंट कैलेंडर बनाया था, जिसकी कीमत लगभग 83 करोड़ रुपये है।

**इसलिए खास है यह करोड़ों का एडवेंट कैलेंडर :** सामान्य एडवेंट कैलेंडर में छोटे-छोटे कार्डबोर्ड से बने दरवाजों के पीछे चॉकलेट और अन्य चीजें रखी जाती हैं, लेकिन कलाकार डेबी ने जो कैलेंडर बनाया है। वह बेहद खास और अनोखा है। उनके कैलेंडर में कई लग्जरी चीजों को रखा गया है।



## उपहार में विदेशों की यात्रा की टिकट भी

जानकारी के मुताबिक, डेबी ने कैलेंडर में परिवार के हर एक सदस्य के लिए उपहार रखें, जिसमें यात्राओं की टिकट भी शामिल है। जब परिवार को कैलेंडर में रखी गई सभी लग्जरी चीजों के बारे में बताया गया था, तभी यात्रा स्थलों की भी घोषणा की गई थी। यह किसी भी परिवार के लिए बेहद खुशी का अवसर है कि उनके एडवेंट कैलेंडर में उपहार के रूप में पेरिस, दुबई, न्यूयॉर्क और डिज्नीलैंड जैसी जगहों की यात्राएं करना शामिल है।



## कैलेंडर में हैं हीरों से जड़े ये सामान

यात्रा के टिकट के अलावा इस अनोखे एडवेंट कैलेंडर में एक पेरिस शनेल पर्स भी है, जिसमें हीरे जड़े हुए हैं। इसके साथ ही एक बेहद खूबसूरत किराग भी है, जिसमें हीरे और अन्य रत्न जड़े हुए हैं। इतनी सारी महंगी चीजों के अलावा एडवेंट कैलेंडर, जिस कलाकृति से सजी है, उसकी कीमत ही लगभग 2 करोड़ रुपये से ज्यादा की है। इस बात से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह कैलेंडर कितना खास और अनोखा है।

**नए साल पर दुनियाभर में निभाई जाने वाली अनोखी परंपराएं**

# कहीं खाते हैं 12 अंगूर तो कहीं पड़ोसी के घर फेंकते हैं फूटे बर्तन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कुछ ही दिनों बाद 2023 का यह साल खत्म हो जाएगा और 2024 आ जाएगा। इस मौके पर लोग पार्टी करके बड़े ही धूमधाम के साथ नए साल का स्वागत करते हैं। हालांकि, सभी देशों में ऐसा नहीं होता। अलग-अलग जगहों पर नए साल से जुड़ी अलग-अलग और अनोखी परंपराएं निभाई जाती हैं, जिनके बारे में आप शायद ही जानते हो। आइये आज दुनियाभर में मनाई जाने वाली 5 अजीबोगरीब नए साल की परंपराओं के बारे में जानते हैं।

## स्पेन

स्पेन में नए साल पर एक साथ 12 अंगूर खाने की परंपरा है। माना जाता है कि इस दिन जो लोग एक बार में 12 अंगूर खायेंगे, उन्हें पूरे साल खुशियां मिलती रहेंगी। इस परंपरा की शुरुआत 1909 से हुई और इसके पीछे एक कारण था। दरअसल, उस दौरान स्पेन में अंगूर की बड़ी फसल हुई थी, जिसकी वजह से वहां के राजा ने नए साल का जश्न मनाने के लिए जनता के बीच भारी मात्रा में अंगूर बंटवाए थे।



## ब्राजील

ब्राजील में नए साल का जश्न समुद्र में सफेद फूल फेंककर मनाया जाता है। यही नहीं, कुछ लोग तो इस मौके पर समुद्र में अपना परफ्यूम, ज्वेलरी, कंघी और लिपस्टिक भी फेंकते हैं। यहां के लोगों का मानना है कि ऐसा करके वे समुद्र की देवी 'येमानजा' को नए साल पर भेंट चढ़ाते हैं। इसके साथ ही यह उम्मीद करते हैं कि नए साल पर देवी उनकी कामनाओं को पूरा करेंगी।



## डेनमार्क

डेनमार्क में नए साल पर ऐसी परंपरा का पालन किया जाता है, जिसे सुनकर आपको यकीन नहीं होगा, लेकिन यहां पर यह आम बात है। यहां पर नए साल की रात में लोग अपने पड़ोसी और दोस्तों के दरवाजों के बाहर पुरानी और टूटी हुई प्लेट या चम्मच फेंक देते हैं। ऐसा माना जाता है कि नए साल की सुबह आपके दरवाजे पर जितने ज्यादा टूटे हुए बर्तन मिलेंगे, उस साल आपका भाग्य उतना ही अच्छा रहेगा।

## स्कॉटलैंड

स्कॉटलैंड में लोग ये उम्मीद करते हैं कि नए साल पर उनके घर में जो भी पहला मेहमान आए, वो लंबा और सुंदर हो। आपको यह अजीब लग सकता है, लेकिन स्कॉटलैंड में लंबे और सुंदर पुरुषों को काफी लकी यानी खुशकिस्मत माना जाता है। यही वजह है कि यहां के लोग चाहते हैं कि उनके घर पर नए साल पर सबसे पहला मेहमान ऐसा आए, जिसमें वे खूबियां हो, ताकि उनका पूरा साल उनके लिए भाग्यशाली रहे।

## दक्षिण अमेरिका

दक्षिण अमेरिका में भी लोग बिल्कुल अलग तरीके से नए साल का जश्न मनाते हैं, जिसके बारे में जानकर आपको हैरानी होगी। यहां लोग नए साल पर रंगीन अंडरवियर पहनते हैं। इसका मतलब है कि अगर कोई व्यक्ति अपने जीवन में प्यार चाहता है तो वह लाल रंग का अंडरवियर पहनेगा, वहीं अगर किसी को शांति चाहिए तो वह सफेद अंडरवियर पहनेगा। ये दर्शाता है कि जो व्यक्ति जिस रंग की अंडरवियर पहनेगा उसका पूरा साल उसी तरह से जाएगा।

# इस देश में लगता है टैटू बनवाने और बालियां पहनने तक पर टैक्स


**नई दिल्ली।** टैक्स आज की सरकारें ही नहीं बल्कि पुराने ज़माने के राजा भी लिया करते थे। इंग्लैंड के हेनरी की बेटी एलिज़ाबेथ 1 और रूस के पीटर द ग्रेट ने दाढ़ी पर टैक्स लगाया था। वहीं पीटर द ग्रेट ने तो आत्मा पर भी टैक्स वसूलने की व्यवस्था कर ली थी। आज हम आपको दुनिया में लिए गए या लिए जा रहे ऐसे टैक्स के बारे में बताएँगे, जिनके बारे में जानकर आपके होश उड़ जाएँगे।

**मिश्र में लगता था लेबर टैक्स :** मिश्र में टैक्स का मतलब लेबर यानी मेहनत था। कई लाख लोगों का कहना था कि उन्होंने पिरामिड के लिए मेहनत की है। उस समय यह भी अफ़वाह उड़ी थी कि फैराओह ने पिरामिड बनाने के काम की अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए अपनी बेटी को वेश्यावृत्ति के काम में लगाया था। उसकी बेटी अपनी फ़ीस के तौर पर पिरामिड के लिए अपने हर ग्राहक से पत्थर का एक ब्लॉक अधिक लेती थी।



## अमेरिका के अरकांसस प्रांत में लगता है टैटू टैक्स

अमेरिका के अरकांसस प्रांत में टैटू बनवाने, बालियां आदि पहनने के लिए छेद करवाने या किसी भी तरह के इलेक्ट्रोलेसिस ट्रीटमेंट के लिए 6 प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स देना होता है।













Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda2wheelersindia.com

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** AARANG: V Shree Honda - 9993908971, 9893728947; ABHANPUR: Patel Honda - 9009328660; BAGBHARA: Sri Sai Honda - 7697767777; BALODA BAZAR: Kiran Honda - 7049518181, 8839950369; BASNA: Laxmi Honda - 9174137571; BEERGAON: Vishwanath Honda - 9300133077; PALARI: Shri Ram Honda - 8305759763; BEMETARA: Sri Rama Honda - 8827050000, 7824222521, 8827120000; BHAKARA: Nitesh Honda - 9907975628; BHATAPARA: Kiran Honda - 9111353292; BHILAI: Anaal Honda - 9589090022/26/29, 9589090024/27; Aan Honda (Nehrunagar) - 9826635600, 0788-4013336; BIJAPUR: Ansh Honda - 9424299203; CHARODA: Rahul Honda - 9827193194; CHARAMA: Neeraj Honda - 9425230052; CHUIKHADAN: Shri Radhey Honda - 9691692500; DALLIRAJHARA: Shri Subh Honda - 7748285747, 9406082344; Shri Subh Honda(Balod)- 9425564232, 9584077772; DHAMTARI: ShriShyam Honda - 07722-233255, 9827900750; DHARSIVA: R S.Honda - 9669880000; DONDEKHURD: Yash Honda - 9826146586; DONGARGARH: Gagan Honda - 9806869214; DURG: Shree Sairam Honda - 0788-4017246, 0788-4017740, 9827349450; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; FINGESHWAR: Bangani Honda- 9425402966; GIDHORI: Subhkamana Auto -7389320271; GUNDERDEHI: Sapan Honda - 7354340000, 0788-2628333; GURUR: Baba Honda - 9827936712; JAGDALPUR: Waheguru Honda - 7587006395, 9425590501, 8435090001; KONDAGAON: Danteshwari Honda - 9294566660; SUKMA: Akash Honda - 9424287457, 7587341845; PHARASGAON: Shri Deo Honda - 9993861735; KANKER: Shivnath Honda - 8720008800, 9644059600; KASDOL: Laxmi Honda - 8871233553; KESHKAL: Chattishgarh Honda - 9993293467; KHAIRAGARH: Akshat Honda - 9406534734; KURUD: Shri Shyam Honda - 07705223590, 8817898279; MAGALOAD: Dewangan Honda - 9098136447; MAHASAMUND: Sri Aryan Honda - 8120070000, 08964022000; MANDIR HASAUD: Gurukripa Honda - 9827892427: NAGRI: Nahta Honda- 9424211105; NAWAGARH: Raja Honda - 9826067896; PAKHANJUR: Disha Honda - 6261666932, 9406453860, PANDUKA (GARIABAND): Shresth Honda - 8109902966; RAIPUR: A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444, 9826142444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 7828282600; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; RAJIM: Gulab Honda - 8839708788; RAJNANDGAON: Anshdeep Honda - 07744-223100, 9425559359, 9303730201; Manraj Honda - 07744-223333, 8435999991, 8435999992; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 9893419781, 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415, 9424215777; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; SEJBAHAR: R.S Honda - 9754123000; KHARORA: B.K Honda - 9867224777; TILDA: Agrawal Honda - 9424200104; UTAI: Ganpati Honda - 09926083389; AMBAGARH CHOWKI: Nihal Honda - 8719911000, 9165143484; SARAIPALI: Pukraj Honda - 8889798000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com